


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 7 जून 2024 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-070 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 8 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# गुड गवर्नेंस का नया अध्याय लिखेंगे: मोदी

## मोदी चुने गए एनडीए संसदीय दल के नेता,9 जून को प्रधानमंत्री पद की लेंगे शपथ

**नई दिल्ली,7 जून।** एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बहुत कम लोग इस पर चर्चा करते हैं, शायद यह बात उन्हें शोभा नहीं देती। लेकिन भारत के महान लोकतंत्र की ताकत देखिए- आज जनता ने एनडीए को 22 राज्यों में सरकार बनाने और सेवा करने का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि सभी ने सर्वसम्मति से मुझे एनडीए का नेता चुना है।' आप सभी ने मुझे एक नई जिम्मेदारी दी है और मैं आपका बहुत आभारी हूं... जब मैं 2019 में इस सदन में बोल रहा था, तो आप सभी ने मुझे नेता चुना, तब मैंने एक बात पर जोर दिया था, विश्वास है। आज जब आप मुझे यह भूमिका दे रहे हैं तो इसका मतलब है कि हमारे बीच विश्वास का पुल मजबूत है। यह रिश्ता विश्वास की मजबूत नींव पर है और यही सबसे बड़ी पूंजी है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे देश में 10 राज्य ऐसे हैं जहां हमारे आदिवासी भाइयों की संख्या निर्णायक रूप से अधिक है, इन 10 राज्यों में से 7 में एनडीए सेवा दे रही है। चाहे गोवा हो या पूर्वोत्तर, जहां ईसाइयों की संख्या निर्णायक रूप से अधिक है, उन राज्यों में भी एनडीए को सेवा करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की राजनीतिक इतिहास में और हिंदुस्तान की राजनीति के गठबंधन के इतिहास में चुनाव पूर्व गठबंधन इतना सफल कभी भी नहीं हुआ है, जितना की एनडीए हुआ है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि एनडीए के सत्ता प्राप्त करने का या सरकार चलाने का कुछ दलों का जमावड़ा नहीं है। ये राष्ट्र प्रथम की मूल भावना से नेशन फर्स्ट के प्रति कमिटेड... वैसा ये समूह है।

मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार ने देश को गुड गवर्नेंस दिया है और एक प्रकार से एनडीए कहते ही गुड गवर्नेंस का पर्यायवाची बन जाता है। हम सबके केंद्र बिंदु में गरीब कल्याण और गुड गवर्नेंस सर्वोपरि रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए प्रथम राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध समूह है। इसे शुरुआत में 30 साल की लंबी अवधि के बाद असेंबल किया गया होगा। लेकिन आज मैं कह सकता हूं कि एनडीए भारत की राजनीतिक व्यवस्था में एक



### शपथ ग्रहण में सफाई कर्मचारी मजदूर, ट्रांसजेंडर आमंत्रित

**नई दिल्ली,7 जून।** प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को विशेष निमंत्रण भेजा गया है. कुछ ट्रांसजेंडर को भी आमंत्रित किया गया है. इसके अलावा सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट में काम करने वाले मजदूरों को भी निमंत्रण भेजा गया है, जिसमें नई संसद का निर्माण भी शामिल है. सफाई कर्मचारियों को भी निमंत्रण भेजा गया है. मजबूत भारत के निर्माण के मजबूत राजदूतों के रूप में, रेलवे में वंदे भारत ट्रेन और मेट्रो परियोजना जैसी प्रमुख परियोजनाओं में काम करने वाले लोगों को भी निमंत्रण भेजा गया है.

जैविक गठबंधन है और अटल बिहारी वाजपेयी, प्रकाश सिंह बादल, बाला साहेब ठाकरे जैसे महान नेताओं ने... जिन्होंने बीज बोया था, आज भारत की जनता ने एनडीए के विश्वास को सींचा है। और उस बीज को फलदायी बना दिया। हम सभी के पास ऐसे महान नेताओं की विरासत है और हमें इस पर गर्व



है। बीते 10 वर्षों में हमने एनडीए की उसी विरासत, उसी मूल्यों को लेकर आगे बढ़ने और देश को आगे ले जाने का प्रयास किया है। मोदी ने कहा कि सरकार चलाने के लिए बहुमत अवसर है। लोकतंत्र का वही एक सिद्धांत है। लेकिन देश चलाने के लिए सर्वमत बहुत जरूरी है। मैं देश की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि उन्होंने हमें सरकार चलाने के लिए जो बहुमत दिया है, हमारी कोशिश रहेगी कि हम सर्वसम्मति बनाने का प्रयास करेंगे और देश को आगे ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने ने कहा कि एनडीए को करीब 3 दशक पूरे हो गए हैं। यह कोई सामान्य बात नहीं है...मैं कह सकता हूं कि यह सबसे सफल गठबंधन है।' एनडीए के सांसदों की बैठक में राजनाथ सिंह ने चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार की मौजूदगी में गठबंधन के नेता के तौर पर नरेंद्र मोदी का नाम प्रस्तावित किया। इसके बाद नरेंद्र मोदी को एनडीए का नेता चुन लिया गया। राजनाथ ने कहा कि 1962 के बाद यह पहला मौका होगा जब कोई सरकार लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी है। संविधान सदन (पुरानी संसद) में एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान नवनिर्वाचित सांसदों, मुख्यमंत्रियों और एनडीए के अन्य नेताओं ने 'मोदी-मोदी' के नारे लगाए। प्रस्ताव का समर्थन करते हुअ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं लोकसभा चुनाव में दोबारा जीत के लिए सभी को बधाई देता हूं।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा के नेता, बीजेपी और एनडीए संसदीय दल के नेता के तौर पर नरेंद्र मोदी का नाम प्रस्तावित किया है। मैं इसका तहे दिल से समर्थन करता हूं। बीजेपी सांसद नितिन गडकरी और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया। चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि हम सभी को बधाई दे रहे हैं क्योंकि हमने शानदार बहुमत हासिल किया है।' मैंने चुनाव प्रचार के दौरान देखा, 3 महीने तक पीएम मोदी ने कभी आराम नहीं किया। उन्होंने दिन-रात प्रचार किया है। उन्होंने उसी भावना के साथ शुरुआत और अंत किया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के पास एक दूरदर्शिता और एक जोश है, उनका क्रियान्वयन बहुत उत्तम है। वह अपनी सभी नीतियों को सच्ची भावना से क्रियान्वित कर रहे हैं...आज भारत के पास सही नेता हैं - वह हैं नरेंद्र मोदी। यह भारत के लिए बहुत अच्छा मौका है, अगर आप अभी चूक गए तो हम हमेशा चूकेंगे। बिहार के मुख्यमंत्री-जदयू प्रमुख नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार के सभी रुके हुए काम होंगे। ये बहुत अच्छी बात है कि हम सब एक साथ आए हैं और हम सब आपके (पीएम मोदी) साथ मिलकर काम करेंगे। आप रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे, लेकिन मैं चाहता था कि आप यह शपथ आज ही लें। जब भी आप शपथ लेंगे, हम आपके साथ होंगे। हम सब आपके नेतृत्व में मिलकर काम करेंगे।' लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान नरेंद्र मोदी को लोकसभा के नेता के रूप में नामित करने के प्रस्ताव का समर्थन किया।

### इधर-उधर कुछ लोग जीते हैं, आप उन्हें भी हरा देंगे

नीतीश कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पूरी तरह से आपके साथ हूं। 10 साल में आपने काफी काम किया है। आने वाले समय में जो भी कुछ काम बचा है उसे आप पूरा करेंगे। ऐसा करके आप विरोधियों के लिए कोई जगह नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी जेडीयू नरेंद्र मोदी जी को भारत के प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन देती है। इन्होंने पूरे देश की सेवा की है। हम पूरे तौर पर इनके साथ रहेंगे। लोग बिना मतलब के बात बोल रहे हैं. नीतीश कुमार ने कहा कि आप अगली बार जब आएंगे तो सब जीत जाएंगे। उन्होंने कहा कि इधर-उधर जो थोड़ा बहुत लोग जीत गए हैं, वह भी हार जाएंगे। नीतीश कुमार ने कहा कि इन लोगों ने कोई काम थोड़ी किया है। झूठ बोलकर कुछ सीटें पा ली हैं, लेकिन अब आपको फिर मौका मिला है तो फिर से सारी सीट जीतेंगे। अब तो मेरा आग्रह यही है कि जल्दी से आपका काम शुरू हो जाए।

## संक्षेप

### धनराज ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**भिलाई,7 जून।** श्रीगंगानगर में आज से प्रारंभ राष्ट्रीय सब जूनियर व जूनियर पॉवरलिफ़्टिंग प्रतियोगिता के पहले दिन, छत्तीसगढ़ पॉवरलिफ़्टिंग टीम के खिलाड़ी श्री धनराज कन्दरा ने 59 किलो वजन वर्ग (18 वर्ष आयु-सब जूनियर केटेगरी) में 110 किलो बेंचप्रेस लिफ्ट कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने में सफलता पाई है । ज्ञात हो कि बेंचप्रेस प्रतियोगिता की समाप्ति तक धनराज प्रथम स्थान पर चल रहे हैं । अभी डेडलिफ्ट की तीन राउंड होना शेष है । इस वर्ग में धनराज की फ़ाईट् जम्मू-कश्मीर व झारखण्ड के खिलाड़ी के साथ है ।

### 3 आईएएस इधर से उधर

**रायपुर,7 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार ने आज तीन आईएएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया है। इनमें से कांकेर कलेक्टर अभिजीत सिंह को सरकार ने वापिस बुला लिया है। उन्हें मंत्रालय में गृह और जेल विभाग का स्पेशल सिकरेट्री बनाया गया है। अभिजीत पहले भी गृह विभाग में पोस्टेड रह चुके हैं। उनकी जगह पर एडिशनल सीईओ नीलेश श्रीरसागर को कांकेर का नया कलेक्टर बनाया गया है। नीलेश 2011 बैच के आईएएस हैं। जशपुर और महासमुद जिले का कलेक्टर रहने के बाद उन्हें पिछले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में पोस्ट किया गया था। उधर, 2021 बैच के आईएएस वासु जैन को सारंगढ़ एसडीएम से वापिसल बुलाकर उन्हें मंत्रालय में योजना और सांख्यिकी विभाग में अवर सचिव बनाया गया है।

### पहाड़ी कोरवा महिला की पेड़ से लटकी मिली लाश

**जशपुर,7जून।** जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम महनई में एक पहाड़ी कोरवा महिला की पेड़ से लटकती हुई लाश मिली है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. इस घटना में यह बात सामने आई है कि महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है. वह लंबे समय से बीमार चल रही थी. मिली जानकारी के अनुसार, बगीचा थाना क्षेत्र के चौकी पण्ड्रापाठ अन्तर्गत ग्राम महनई में एक पहाड़ी कोरवा महिला की पेड़ से लटकी हुई लाश मिली. आसपास के लोगों ने जब महिला का शव फंदे से लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी. जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. बताया जा रहा है की महिला पिछले कई महीनों से बीमार थी और बीमारी से तंग आकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. मृतिका का नाम बिफनी बाई पति रूनवा राम बताया जा रहा है. फिलहाल पण्ड्रापाठ पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है.

### पाकिस्तान नंबर से कॉल कर लाखों की ठगी

**जगदलपुर,7 जून।** बस्तर में टेलीफ्रॉड के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं. टेलीफोन के माध्यम से ठग गिरोह बस्तर के भोलेभाले लोगों को लालच देकर चुना लगा रहे हैं. ताजा मामला भानपुरी ब्लॉक से सामने आया है, जहां पाकिस्तान के नंबर से ठग गिरोह ने फ़ोन कर आईफोन और 10 लाख का लॉटरी लगने का झांसा देकर 4 लाख 93 हजार ठग लिया. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बिहार से आरोपी को गिरफ्तार किया है. फ्रॉड का एहसास होते ही पीड़ित ने भानपुरी थाना में शिकायत की. इस पर बस्तर पुलिस ने मामला दर्ज कर एक टीम गठित कर जांच शुरू की. जांच में पता चला कि आरोपी पाकिस्तान से नहीं बल्कि बिहार से है. तत्काल टीम को बिहार रवाना किया गया. पटना पुलिस की मदद से पतासाजी कर अरोपी को धर दबोचा. कड़ी पूछताछ पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया. इसके बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया.

# फर्जी आधार कार्ड से संसद में घुसपैठ की कोशिश; 3 बंदी

नई दिल्ली,7 जून। एक तरफ जहां बीजेपी एनडीए के साथ सत्ता स्थापित करने की कोशिश कर रही है, वहीं दूसरी तरफ खबर आई है कि एक बार फिर संसद में घुसपैठ की कोशिश की गई है। फर्जी आधार कार्ड के जरिए तीन लोग संसद में घुसपैठ की तैयारी में थे। हालांकि सीआईएसएफ जवानों ने इन तीनों लोगों को पकड़कर हिरासत में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक संसद भवन के फ्लैप गेट पर पास जांच के दौरान सीआईएसएफ जवानों ने तीन मजदूरों कासिम, मोनिस और शोएब को पकड़ लिया। ये तीनों फर्जी आधार दिखाकर अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे। जांच में पता चला कि तीनों मजदूर डीवी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड कंपनी के हैं। ये तीनों मजदूर आईजी-7 में एमपी के लाउंज के निर्माण के लिए आए थे। मजदूरों को आगे की जांच के लिए संसद मार्ग पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया। इन तीनों मजदूरों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की जालसाजी और धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। तीनों मजदूर अपना आधार कार्ड दिखाकर संसद परिसर में घुसने की कोशिश कर रहे थे। इस बार सीआईएसएफ जवानों को उनका आधार कार्ड संदिग्ध लगा। आधार कार्ड की जांच करने पर वह फर्जी निकला। इसके बाद संसद भवन की सुरक्षा में तैनात अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इन तीनों मजदूरों से गहन पूछताछ की गई। इन तीनों ने आधार कार्ड कब, कहां और कैसे बनवाया, इसकी जांच चल रही है। इसी बीच कुछ महीने पहले संसद के लोकसभा हॉल में घुसपैठ हुई थी। उस वक्त हॉल में बेंचों तक पहुंचकर भ्रम पैदा करने की कोशिश की गई। इस पर विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर हमला बोला था।

### 14 जून से हज यात्रा पर जा सकेंगे जायरीन

**नईदिल्ली,7 जून।** सऊदी अरब में आज से हज का महीना शुरू हो गया. इसी के साथ हज पर जाने वाले जायरीनों ने तैयारियां भी शुरू कर दी. क्योंकि इस साल हज यात्रा 14 जून से शुरू हो रही है. रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब के सुप्रीम कोर्ट ने निर्धारित किया है कि इस्लामी कैलेंडर का 12वां और आखिरी महीने धू अल-हिज्जा शुक्रवार से शुरू हो रहा है. बता दें कि हज इस्लाम के पांच बुनियादी उसूलों में से एक है. गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सऊदी हज और उमराह मंत्री तौफीक अल-रबिया ने कहा कि इस साल के हज के लिए दुनिया के विभिन्न देशों से लगभग 1.2 मिलियन (12 लाख) तीर्थयात्री पहले ही सऊदी अरब पहुंच चुके हैं.

# आरबीआई ने रेपो रेट को स्थिर रखा

**नई दिल्ली,7 जून।** आरबीआई ने रेपो रेट को यथावत 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति कमेटी (एमपीसी) के फैसलों का ऐलान किया। एमपीसी के 6 में से 4 सदस्य ब्याज दरों को स्थिर रखने पक्ष में थे। यह आठवां मौका है, जब केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आखिरी बार फरवरी 2023 में रेपो रेट को 25 आधार अंक बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दिया गया था। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मौद्रिक नीति के विड्रॉल ऑफ अकोमोडेशन रुख कायम रखने का फैसला किया गया है। जीडीपी वृद्धि दर को लेकर दास ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने 8.2 प्रतिशत की दर से विकास किया है और हमारा मानना है कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय जीडीपी 7.2 प्रतिशत की दर से विकास कर सकती है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आरबीआई ने जीडीपी अनुमान 0.20 प्रतिशत बढ़ाया है। यह पहले 7.00 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष




की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 7.3 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 7.2 प्रतिशत रह सकती है। आरबीआई ने अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2024-25 में महंगाई दर 4.5 प्रतिशत रह सकती है। वित्त वर्ष की पहली तिमाही में महंगाई दर 4.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.5 प्रतिशत रह सकती है।

# मानहानि केस में राहुल गांधी को जमानत

**नईदिल्ली, 7 जून।** बेंगलुरू कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि केस में जमानत दे दी है। कर्नाटक भाजपा यूनिट ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था, जिसपर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राहुल गांधी को जमानत दे दी। दरअसल समाचार पत्रों में अपमानजनक विज्ञापन जारी करने पर



कर्नाटक भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ केस दर्ज कराया था।विज्ञापन में आरोप लगाया गया था कि प्रदेश की तत्कालीन भाजपा सरकार बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त है। इस मामले में राहुल गांधी भी कोर्ट में पेश हुए, जहां कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी। इसके बाद राहुल गांधी आज प्रदेश के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। राहुल नवनिर्वाचित सांसदों और हारे हुए उम्मीदवारों से मुलाकात करेंगे। कर्नाटक में नेताओं से मुलाकात के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी मौजूद रहेंगे। बता दें कि इस मामले में कोर्ट ने सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार को पहले ही जमानत दे दी थी।बता दें कि जस्टिस केएन शिवकुमार ने राहुल गांधी को 7 जून को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा था। राहुल गांधी के वकीलों ने सुनवाई के दौरान



# नक्सलियों ने पुलिस कैंप पर दागे रॉकेट

**नारायणपुर,7 जून।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल लगातार नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं और मुठभेड़ में माओवादियों को मार गिरा रहे हैं. वहीं जवानों की कार्रवाई से बौखलाए नक्सली अपनी कायराना हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं. नक्सलियों ने अबूझमाड़ के इरकभट्टी पुलिस कैंप में हमला किया है. पुलिस कैंप में नक्सलियों ने लगातार बीजीएल रॉकेट लांचर दागे. इस हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है कि बीजीएल रॉकेट जवानों के पास गिरता है. लेकिन उसके फटने से पहले जवान भाग जाते हैं और उसके बाद जोरदार धमाका होता है. इस हमले के बाद जवानों ने मोर्चा संभालते हुए एक्सचेंज फायर किया. यह मामला कोहकामेटा थाना इलाके का बताया जा रहा है. हालांकि, वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है.

# प्रियंका गांधी ने नीट के रिजल्ट में अनियमितता का लगाया आरोप

**नई दिल्ली,7 जून ।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को नीट 2024 के रिजल्ट में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जायज शिकायतों के समाधान के लिए जांच की मांग की।



एक्स पर एक पोस्ट में प्रियंका गांधी ने कहा, पहले, नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो गया, और अब छात्र रिजल्ट में घोटाले का आरोप लगा रहे हैं। एक ही केंद्र के छह छात्रों के 720 में से पूरे 720 नंबर आने पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, और कई प्रकार की अनियमितताएं सामने आई हैं। रिजल्ट आने के बाद बड़ी संख्या में छात्रों की आत्महत्या की बात सामने आने पर कांग्रेस नेता ने दुःख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, रिजल्ट की घोषणा के बाद देश भर से कई छात्रों के आत्महत्या करने की खबरें आ रही हैं। यह काफी दुःखद और झकझोर देने वाला है। प्रियंका ने प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में समुचित कार्रवाई न करने पर प्रशासन की भी आलोचना की। उन्होंने सवाल किया, सरकार लाखों छात्रों की आवाज को अनसुना क्यों कर रही है? छात्र नीट परीक्षा के रिजल्ट में धांधली से जुड़े जायज सवालों के जवाब चाहते हैं। क्या इन जायज शिकायतों की जांच और उनका समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी नहीं है?

# यौन उत्पीड़न मामलों में मेडिकल रिपोर्ट संक्षिप्त बनाने बंगाल सरकार ने जारी किया एसओपी

**कोलकाता,7 जून।** पश्चिम बंगाल सरकार ने शुक्रवार को बलात्कार और अन्य यौन अपराधों के मामलों में मेडिकल रिपोर्ट को संक्षिप्त बनाने के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी कर दिया है। यौन उत्पीड़न के मामलों में मेडिकल जांच रिपोर्ट को सबसे महत्वपूर्ण वैज्ञानिक साक्ष्य माना जाता है।

राज्य स्वास्थ्य विभाग ने एक अधिसूचना जारी करते हुए सभी सरकारी अस्पतालों को निर्देश दिया है कि यौन उत्पीड़न के मामलों में पहले से तैयार की जा रही रिपोर्ट के प्रारूप में बदलाव किया जाए। इसे 16 से 30 पृष्ठों की जगह दो-पृष्ठों में समेटा जाए।सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट के संक्षिप्त प्रारूप में वह सभी महत्वपूर्ण बिंदु होंगे, जो जांच के लिए सहायक हैं। इसमें किसी भी तरह की कमी की कोई गुंजाइश नहीं है। इनमें यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम सबसे महत्वपूर्ण है।बता दें कि पिछले प्रारूप में विस्तृत मेडिकल रिपोर्ट तैयार करने में बहुत समय लगता था, जिससे रिपोर्ट जांच अधिकारी के पास देरी से पहुंचती थी। इससे बलात्कार या अन्य यौन अपराधों के मामले में जांच देरी से शुरू होती थी।

राज्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया, इस नए तरीके से रिपोर्ट तैयार करने में काफी हद तक तेजी आएगी। साथ ही काम के बोझ के तले दबे डॉक्टरों का समय भी बचेगा। बलात्कार और यौन अपराधों के मामले में मेडिकल रिपोर्ट को अधिक संक्षिप्त और सटीक बनाने का प्रस्ताव पहली बार नवंबर 2022 में पॉक्सो अधिनियम 2012 के कार्यान्वयन पर राज्य स्तरीय हितधारकों के सेमिनार में रखा गया था। पिछले साल मसौदा रिपोर्ट तैयार होने के बाद राज्य स्वास्थ्य विभाग ने नए प्रारूप को अंतिम रूप देने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। अब यह नया प्रारूप राज्य सरकार के अधिकारियों को भेजा गया है। पश्चिम बंगाल सरकार जनवरी 2023 से इसको लेकर विशेषज्ञों के साथ चर्चा कर रही थी।

### नेता प्रतिपक्ष महंत ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# फर्जी प्रस्ताव पर मिली परसा कोल ब्लाक की सभी अनुमति रद्द करें

**रायपुर,7 जून।** छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य के जंगलों को कोयला खदान विस्तार व परसा ईस्ट केते बासन और परसा कोल ब्लाक के लिए काटने की अनुमति प्रदान की गई है। चुनाव खत्म होते ही अब हजारों की संख्या में पेड़ों की कटाई होगी जिसे रोकने के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। साथ ही कहा है कि कोल ब्लाक में खनन की वन संबंधी अनुमति फर्जी प्रस्ताव पर प्राप्त की गई है और ऐसी परिस्थिति में परसा कोल ब्लाक संबंधित सभी कार्यवाहियां स्थगित होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि 26 जुलाई 2022 को छत्तीसगढ़ विधानसभा ने हसदेव क्षेत्र की जलग्रहण क्षमता, बायोडायवर्सिटी और मानव हाथी द्वंद के कारण क्षेत्र के सभी कोल ब्लाक आबंटन और खनन अनुमति रद्द करने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया था जिसे भाजपा ने भी पूर्ण समर्थन दिया।



इसके बाद दिसंबर में भाजपा सरकार ने अपने शपथ ग्रहण से पहले ही राजस्थान-अडाणी की कोयला खदान के विस्तार और पेड़ कटाई की अनुमति दे दी।

डॉ. महंत ने बताया कि परसा कोल ब्लाक में वन अनुमति हासिल करने फर्जी ग्रामसभा प्रस्ताव का उपयोग किया गया जिसकी जांच उपरांत ब्लाक में खनन हेतु जारी सभी अनुमतियों पर रोक लगाने का आदेश छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा सरगुजा कलेक्टर को दिया गया है। डॉ. महंत ने छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग छ्ग शासन के सचिव द्वारा सरगुजा संभाग के आयुक्त को परसा कोल ब्लाक का विरोध के संबंध में जारी आदेश से अवगत कराते हुए कहा है कि कोल ब्लाक से संबंधित सभी अनुमतियों को रद्द किया जाए। परसा ईस्ट केते बसन कोल माइन के और विस्तार की अनुमति ना दी जाए और यदि कोई पेड़ कटाई अनुमति जारी की गई है उसे रद्द किया जाए। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को अन्यत्र कोल ब्लाक लेने और कोल इंडिया के विस्तार परियोजनाओं से कोयला लेने की सलाह दी जाए। डॉ. महंत ने अवगत कराया कि राजस्थान की कंपनी को कोल इंडिया से वैकल्पिक कोल सप्लाई सुनिश्चित की जा सकती है और वैकल्पिक कोल ब्लाक आबंटित हो सकता है। पूरे देश में 3.60 लाख मिलियन टन कोयला डिपाजिट है और उसमें से मात्र 5500 मिलियन टन हसदेव क्षेत्र में है। ऐसे में राजस्थान को मध्यप्रदेश राज्य से कम परिवहन लागत और कम समय में कोयला ब्लाक आबंटित किया जा सकता है।

## एक नजर

### गुम इंसान का पता लगाने के लिए डोंगरगढ़ पुलिस का अभियान जारी



**राजनांदगांव 7 जून।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग, अति0पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शुक्ला एवं एसडीआपी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान प्रकरण के निकाल हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा द्वारा अभियान चलाकर लगातार गुम इंसानों का पता तलाश कर दस्तयाब किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुम इंसान क0- 38/2024 के युवती उम्र- 19 वर्ष जो दिनांक- 22.04.2024 को घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई थी जिसको आज दिनांक- 06.06..2024 को सकुशल बरामद कर दस्तयाब किया गया है। एवं गुम इंसान क्रमांक- 43/2024 के युवक उम्र 18 साल जो दिनांक 25.04.24 को बिना बताये घर से कही चला गया था जिसको पता तलाश कर आज दिनांक- 06.06.2024 को सकुशल बरामद कर दस्तयाब किया गया है। पुछताछ करने पर गुमशुदा द्वारा अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताने पर गुमशुदा को उनके परिजनों को सुपूर्दनामे में दिया गया। जिससे परिजन खुशी जाहिर करते हुये डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये है।

### बसंतपुर पुलिस ने सटटा पटटी लिखने वाले के खिलाफ की कार्रवाई

**राजनांदगांव 7 जून।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन एंव अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा ,नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुषपेन्द्र नायक के मार्गदशन मे अवैध रूप से शराब बिक्री जुआ ,सटटा पर अंकुश लगाने व कड़ी कार्यवाही करने के मार्गदर्शन व निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन द्वारा त्तकाल टीम गठित कर मुखबीर की सुचना पर ग्राम मोहड बस्ती मे चन्द्रेश कुमार पिता गणेश कुमार साहू उम्र 32 वर्ष निवासी मोहड थाना बसंतपुर, जिला राजनांदगांव को अवैध रूप से धन अर्जित करने हेतु कागज के टुकडो पर अंको के सामने रूपये पैसो का दांव लगाकर सटटा पटटी नामक जुआ खेलते पकडे जिसके कब्जे से नगदी रकम 2660 /- रूपयें व 01 नग सट्टा पट्टी, 01 नग डाट पेन,कैल्कुलेटर, एव एक मोबाइल विवो कम्पनी को जप्त किया गया आरोपी के विरूध थाना बसंतपुर मे अप0क्र0 254/2024 धारा 6 छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही किया गया उक्त् कार्यवाही मे निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, सउनि जीवराज रावटे एवं आरक्षक क्र0 53 ललीत उईके आर0 1318 मोहसीन खान की भूमिका सराहनीय रही।

### वृक्ष गंगा ग्रुप की बैठक में पौधारोपण के लिए अपनी सहमति एवं सुझाव दिये

**राजनांदगांव 7 जून।** वृक्ष गंगा ग्रुप की बैठक राजनांदगांव शहर में वृक्षारोपण करने हेतु ग्रुप सदस्यों के साथ तीन जून 2024 को अग्रसेन भवन राजनांदगांव में बैठक की जिसमें सभी सदस्यों ने वृक्षारोपण हेतु अपनी सहमति एवं सुझाव दिये। जिसमें सर्व सम्मित से अधोउल्लेखित निर्णय लिया गया। घरों में गमला रखकर लता वाले पौधें रोपण कर घर के ऊपर चढ़ाना ताकि हरियाली बनी रहे। घरों के पास वृक्ष लगाना। तालाब के किराये वृक्षारोपण करना। (रानीसागर स्थित संजृन भवन) राजीव नगर वार्ड नं. 42 में सर्व समाज के भवन में दो एकड़ बॉऊड्रीबॉल के किनारे वृक्ष लगाना। मंगल भवन शिवनाथ कॉलोनी के खाली जगह पर वृक्ष लगाना। स्कूलों में वृक्षारोपण करना जिसकी जवाबदारी शिक्षक एवं विद्यार्थी को देना चूंकि पर्यावरण का एक कोर्स होता है। जिस पर बालक को अंक दिया जाता है।इस संबंध में कलेक्टर डी.एफ.ओ. जिला - पंचायत सी.ओ. एवं नगर निगम आयुक्त से मिलकर नगर के हित में कार्य को संपादित करवाना। बांघनदी से अंजोरा जो पेड़ लगे थे जिस कंपनी ने रोड़ बनाने का ठेका लिया उसमें यह शर्त थी लगे हुए वृक्ष के जगह पर तीन गुना वृक्ष लगाना किन्तु कंपनी द्वारा पूर्ण रूप से वृक्ष नहीं लगाया गया इस संबंध में समिति ने जनहित याचिका न्यायालय में दायर करने का निर्णय लिया।

### सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी के निवेशक व वित्तीय लेनदार के लिए सूचना

**राजनांदगांव 7 मई।** न्यायालय राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी दिवाला एवं दिवालियापन संहिता के तहत परिसमापन के अधीन प्रक्रियाधीन है। श्री पवन कुमार गोयल को सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड का परिसमापक नियुक्त किया गया है। जिनके द्वारा कंपनी के संपत्तियों का आधिपत्य प्राप्त कर नियमानुसार उसका निस्तारण करते हुए निवेशकों को राशि लौटाने की कार्रवाई की जाएगी। जिले के सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी के निवेशक व वित्तीय लेनदार प्रारूप घ में अपने दावों का प्रमाण-पत्र पीके गोयल एवं एसोसिएट्स 304 डीआर चेम्बर्स 12-56 डीबी गुप्ता रोड करोलबाग नई दिल्ली-5 पर प्रेषित कर सकते है।

### जरूरतमंद मरीजों के लिए कई जगह रक्तदान शिविर का आयोजन किया

**रायपुर. 7 जून ।** डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं श्री राम जानकी मंदिर, बावनकेरा के सहयोग से जरूरतमंद मरीजों के लिए सरस्वती शिशु मंदिर बावनकेर, झलप, महासमुंद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में 34 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। श्री राम जानकी मंदिर, बावनकेरा की तरफ से कैंप का कार्यभार श्री धनेश सिन्हा ने और मॉडल ब्लड (बैंक) सेंटर की तरफ से डॉ. अविरल मिश्रा की निगरानी में संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. खालिदा, डॉ. अंकित, नूरानी खान, झूल सिंह, भूमिका यादव, शोभाराम साहू, राकेश बंजारे, राकेश शर्मा, पैरामेडिकल स्टाफ से मुकेश, सती और भावना शामिल थे।

# बीजेपी ने कांग्रेस के बड़े-बड़े सूरमा का चूरमा बना दिया: साय




**रायपुर 7 जून।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के बड़े-बड़े सूरमा को हमारे प्रत्याशियों ने चूरमा बना दिया। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री को पटखनी देकर और चार-चार पूर्व मंत्रियों को हराकर हमारे प्रत्याशी आए हैं। मैं सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ। चुनाव में जनता के आशीर्वाद से मिली ऐतिहासिक जीत के बाद जिम्मेदारी और बढ़ गई है। जिस पर हम सबको खरा उतरना है। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उक्त बातें कही और छत्तीसगढ़ के सभी नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली और केंद्र में भी एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की जनता की मुहर है। इस ऐतिहासिक परिणाम के लिए प्रदेश की जनता को धन्यवाद, बधाई एवं शुभकामनाएं।

श्री साय ने भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई देते हुए कहा कि तपती गर्मी में पार्टी के कार्यकर्ता, संगठन के पदाधिकारी, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं सदस्यों के कठिन परिश्रम की बदौलत हमें ऐतिहासिक परिणाम प्राप्त हुए हैं। इसके लिए सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं धन्यवाद देता हूँ। पड़ोसी राज्य झारखंड और ओडिशा की जीत का श्रेय राज्य के मंत्रियों, भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को देते हुए उन्होंने कहा कि सबके अथक मेहनत से हमनें दोनों राज्यों में भाजपा का परचम लहराया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा ने 54 सीटों के साथ 46 प्रतिशत वोट प्राप्त किये थे और अब लोकसभा चुनाव में 6 प्रतिशत वोटों की वृद्धि हुई है, जिससे कि 68 विधानसभा सीटों में हमें जीत प्राप्त हुई है। इस पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार है और अब लोकसभा में जनता ने प्रचंड जीत दिलाकर बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है। पड़ोसी राज्य ओडिशा और झारखंड में भाजपा की जीत पर उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों में आयोजित जनसभा के दौरान मुझे मंच में आधे से ज्यादा हमारे छत्तीसगढ़ के नेताओं की मौजूदगी नजर आती थी। सबके प्रयासों से दोनों राज्यों में भाजपा इस मुकाम पर पहुंची है। विष्णु देव साय ने कहा कि ओडिशा के विधानसभा चुनाव में बीजेपी की प्रचंड जीत के साथ हमारी सरकार बन रही है। राज्य में लोकसभा और विधानसभा के ऐतिहासिक जनादेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर मुहर लगायी है। वहां 25 साल सत्ता में रहे मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को दोनों सीट में हराने में भारतीय जनता पार्टी कामयाब हुई है। जहाँ-जहाँ हमारे छत्तीसगढ़ के नेता, मंत्री, कार्यकर्ता प्रचार के लिए गए थे वहां-वहां भारतीय जनता पार्टी को अच्छी सफलता मिली है।

# जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के विरुद्ध की गई कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 मई।** स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ द्वारा जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्टेडियम रोड बसंतपुर राजनांदगांव का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत पंजीयन तीन माह के लिए निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्टेडियम रोड बसंतपुर राजनांदगांव विरूद्ध कैलाश नगर निवासी श्री हिरालाल साहू द्वारा माताजी मरीज श्रीमती टोमन बाई साहू को अस्पताल के जनरल वार्ड में भर्ती कर आईसीयू वार्ड का पैसा आयुष्मान कार्ड से निकालने एवं मरीज का आयुष्मान कार्ड से ईलाज होने के बाद भी नगद राशि लिए जाने के संबंध में शिकायत की गई थी।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने प्राप्त शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मामले की जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने शिकायत की जांच के लिए जिला नोडल अधिकारी (आयुष्मान भारत) डॉ. बीएल तुलावी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय टीम द्वारा मामले की जांच की गई। टीम द्वारा शिकायतकर्ता श्री हिरालाल साहू एवं अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव का बयान लिया गया। प्राप्त साक्ष्यों की जांच करने पर स्पष्ट हुआ कि अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव द्वारा मरीज श्रीमती टोमन बाई साहू को अस्पताल के जनरल वार्ड में भर्ती कर आईसीयू वार्ड का पैसा मरीज के आयुष्मान कार्ड से ब्लॉकिंग किया गया हैं। साथ ही मरीज के परिजन द्वारा दो यूनिट ब्लड बिलासा ब्लड बैंक राजनांदगांव से स्वयं के व्यय पर लाया गया। इसके बाद भी अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीज के आयुष्मान कार्ड से दो यूनिट ब्लड ट्रांसफ्यूजन किये जाने हेतु योजनांतर्गत ब्लॉकिंग किया गया हैं। इसके साथ ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीज के परिजन से जांच हेतु नगद राशि भी लिया गया हैं, जो कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत शासन द्वारा निर्धारित नियम के विरूद्ध हैं। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ रायपुर को जिला स्तरीय गठित टीम द्वारा जांच प्रतिवेदन तैयार कर जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत पंजीयन 3 माह हेतु निलंबित किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुशंसा पत्र प्रेषित किया गया था। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा जिला स्तरीय गठित जांच समिति द्वारा प्रेषित जांच प्रतिवेदन के आधार पर अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्टेडियम रोड बसंतपुर राजनांदगांव को पत्र जारी कर योजना के दिशा-निर्देशानुसार मरीज के परिजनों से ली गई अतिरिक्त नगद राशि वापस करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही अस्पताल का योजनांतर्गत पंजीयन आगामी 3 माह के लिए निलंबित किया गया हैं। अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव को निलंबन अवधि के दौरान अस्पताल में उपयोग की जाने वाली योजना संबंधी समस्त प्रचार-प्रसार सामग्री हटाने एवं योजनांतर्गत नये क्लेम प्रकरण पंजीकृत नहीं करने हेतु भी निर्देशित किया गया हैं।

## असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध चलाया अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 जून।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 06.06.2024 को मुखबीर की सूचना पर घटना स्थल पुराना बस स्टैण्ड इंदिरा सरोवर के पास घेराबंदी कर पकडे नाम पता पुछने पर तुलेन्द्र यादव पिता गनपत यादव उम्र 24 साल साकिन मोहड वार्ड नं0 49 थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) बताया जिसके कब्जे से 96 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 17.280 बल्क लीटर कीमती 8640 रूपये एवं 42 पौवा अंग्रेजी सिडिकेट व्हीस्की शराब मात्रा 7.560 बल्क लीटर कीमती 5460 रूपये वं 01 मोटर सायकल कीमती 45000 रूपये जुमला शराब मात्रा 24.840 बल्क लीटर जुमला कीमती



59100 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध सबूत पाये जाने से अप0क्र0 338/24 धारा 34(2) आब0 एक्ट कायम कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया, जिसे माननीय न्यायालय पेश कर, जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, प्र0आर0 जी0 सिरिल, आर0 रंजीत चैरसिया, प्रदीप जायसवाल, कुश बघेल एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## अचानक हार्ट अटैक आने पर चेस्ट कम्प्रेशन और कृत्रिम श्वांस देकर बचाई जा सकती है जान

**रायपुर 7 जून ।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में बेसिक लाईफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट पर आयोजित कार्यशाला के दूसरे दिन प्रदेश के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों के अलग-अलग विभागों के पोस्ट ग्रेजुएट रेजिडेंट्स प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सम्मिलित हुए। चिकित्सा महाविद्यालय के एनेस्थेसिया एवं पेन मैनेजमेंट विभाग द्वारा मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल स्थित स्किल लैब में आयोजित किये जा रहे कार्यशाला में गुरुवार को एनेस्थीसिया, पीएसएम, ऑप्थेल्मोलॉजी, रेस्पिरेटरी मेडिसिन और ईएनटी के रेजिडेंट्स डॉक्टर शामिल हुए। कार्यशाला में बेसिक लाईफ सपोर्ट एवं मरीज के हृदय की ईसीजी के अवलोकन करने (रीड करने) के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। बेसिक लाईफ सपोर्ट में कार्डियक अरेस्ट के विभिन्न उम्र के मरीज जैसे- वयस्कों एवं बच्चों को जीवनदायी प्रक्रिया जैसे चेस्ट कम्प्रेशन एवं कृत्रिम श्वांस देकर जान बचाने के तरीकों के बारे में बताया गया। कोर्स कोआर्डिनेटर एवं एनेस्थेसिया विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा जैन शाह ने बताया कि हार्ट अटैक एवं अन्य हृदय से संबंधित मरीजों की समय रहते गोल्डन पीरियड में सही ईलाज हो सके, इसके लिए ईसीजी को सही ढंग से अवलोकन करना आना चाहिए। अम्बेडकर अस्पताल के इमर्जेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. शिवम पटेल ने बताया कि वयस्क, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में सीपीआर का तरीका भिन्न-भिन्न होता है। बच्चों में सीपीआर के संबंध में उन्होंने बताया कि यह एक जीवनरक्षक प्रक्रिया है जो तब की जाती है जब बच्चे की सांस या दिल की धड़कन रुक जाती है। यह डूबने, दम घुटने या चोट लगने, या फिर हृदय संबंधी समस्या के बाद हो सकता है। सीपीआर में रेस्क्यू ब्रीदिंग बच्चे के फेफड़ों को ऑक्सीजन प्रदान करता है।

# भूपेश बघेल आज और कल पार्टीजनों की लेंगे बैठक,जताएंगे आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 जून।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा चुनाव के निकटतम प्रतिद्वंद्वी भूपेश बघेल सात और आठ जून को संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पार्टी जनों की बैठक लेंगे तथा पार्टी जनों के साथ-साथ मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि लोकसभा चुनाव पश्चात कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के लिए प्रत्येक विधानसभा में विधानसभा स्तरीय आभार बैठक रखा गया है। आभार बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी आदरणीय श्री भूपेश बघेल जी, क्षेत्रीय विधायकों एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रमुख रूप से



उपस्थित रहेंगे। बैठक कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार से 07 जून 2024 दिन शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे मोहला (मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी विधानसभा क्षेत्र), दोपहर 2:30 बजे सांकर दाहरा (खुज्जी विधानसभा क्षेत्र) शाम 5:00 बजे डोंगरगांव (डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र), 08 जून 2024 दिन शनिवार दोपहर 12:00 बजे राजनंदगांव (राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र) दोपहर 2:30 बजे ठेलकाडीह (डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र) शाम 5:00 बजे खैरागढ़ (खैरागढ़ छुईखदान गंडई विधानसभा क्षेत्र) राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्र में निवासरत, वरिष्ठ कांग्रेसजन, पूर्व विधायक, जिले में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, जिला, ब्लॉक पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एन एस यू आई, सेवादल, कांग्रेस के समस्त मोर्चा संगठन प्रकोष्ठ विभाग के जिला ब्लॉक अध्यक्ष व जिला ब्लॉक पदाधिकारियों, नगर पालिका, नगर पंचायत, के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, पार्षद एल्डरमैन, त्रिस्तरीय पंचायती राज के जिला,जनपद, ग्राम पंचायत के कांग्रेस समर्थित निर्वाचित सदस्यों सहित प्रमुख रूप से बूथ, जोन, सेक्टर प्रभारी, कांग्रेस के सभी बब्बर शेर कार्यकर्ताओ को सादर सूचनार्थ।सभी बूथ, जोन, सेक्टर प्रभारीजन अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### तालाब के गहरीकरण के लिए 7 लाख 11 हजार रुपए का टेंडर निकाला गया

# तालाब की मिट्टी निजी भूमि में डालने से नाली बंद,नोटिस जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा 7 जून।** राज्य प्रवर्तित योजना के तहत नगर पंचातय चारामा के भाठापारा तालाब के गहरीकरण कार्य हेतु 7 लाख 11 हजार रूपयें का टेंडर निकाला गया है जिसमें टेंडर पाने वाले ठेकेदार के द्वारा तालाब के गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। तालाब गहरीकरण के टेंडर से संबंधित नियम व शर्ते भी नगर पंचायत के द्वारा जारी किया गया है जिसमें टेंडर के नियम व शर्तो की कंडिका क्रमांक 03 में उल्लेखित है कि गहरीकरण कार्य में खोदी गई मिट्टी को निकाय क्षेत्र की शासकीय भूमि में ही भरा जायेगा तथा किसी भी निजी व्यक्ति को विक्रय नही किया जाएगा। इसके बाद भी ठेकेदार द्वारा टेंडर की शर्तो को दरकिनार करते हुए मनमाने ढंग से गहरीकरण से निकली मिट्टी को निजी भूमि में डाला जा रहा है। नगर पंचायत चारामा के मेन रोड स्थित



बैंक ऑफ बडौदा के सामने से होकर भाठापारा तालाब की ओर जाने वाले मार्ग के बगल से होकर एक अस्थायी नाली है जिसमें नगर के एक बडे हिस्से की निस्तारी का पानी भाठापारा तालाब की ओर जाती है जो कि एक निजी भूमि पर बना हुआ है उसे तालाब गहरीकरण कार्य के लिए टेंडर प्राप्त ठेकेदार के द्वारा गहरीकरण से निकले मिट्टी को निजी भूमि पर स्थित अस्थायी नाली को पाट दिया गया है। चूंकि गहरीकरण कार्य से संबंधित टेंडर के नियम व शर्तो में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि गहरीकरण कार्य में खोदी गई मिट्टी को निकाय क्षेत्र की शासकीय भूमि में ही भरा जायेगा तथा किसी भी निजी व्यक्ति को विक्रय नही किया जाएगा। इसके बावजुद ठेकेदार ने मनमाने तरीके से नियमो का दरकिनार करते हुए निजी भूमि पर गहरीकरण से निकली मिट्टी डाल दिया है। अभी कुछ ही दिनों के बाद मानसुन आने वाला है जिसके कारण बारिस होने पर निकासी की समस्या हो जावेगी एवं नाली का पानी सडक पर आने लगेगा। फ्लिहाल स्थिति बिगडती देख नगर पंचायत द्वारा भूमिस्वामी को नोटिस जारी कर मिट्टी हटाने को कहा गया है। वही सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भाठापारा तालाब गहरीकरण का कार्य कर रहे ठेकेदार द्वारा टेंडर के नियम व शर्तो के विरूद्ध कार्य करते हुए निजी भूमि में मिट्टी डालने की बात को लेकर नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा ठेकेदार को अनुचित तरीके से लाभ पहुंचाने की बात कहते हुए जनदर्शन में शिकायत किये जाने की भी चर्चा हो रही है।

## समाचार संक्षेप

### खुज्जी विधायक भोलाराम साहू पहुंचे साहू समाज के कार्यक्रम में कलडबरी



**राजनांदगांव 7 जून।** खुज्जी विधायक माननीय श्री भोलाराम साहू,साहू समाज कलडबरी के भवन निर्माण के लोकार्पण व कर्मा माता के स्थापना के उपलक्ष में पहुंचकर पूजा अर्चना किया और भवन का फीता काट कर शुभारंभ किया साहू जी ने आगे कहा जनमानस को संबोधित किया साहू समाज बहुत बड़ा समाज है जो निरंतर आगे बढ़ रहा हैं आगे बढ़ना भी चाहिए ऐसा प्रगति हो आने वाले समय में चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो चाहे किसी भी क्षेत्र में हो चाहे व्यापार के क्षेत्र में हो हमेशा अग्रणी रहता है और आने वाले समय में भी आगे रहेंगे जब भी समाज की बात हो सब लोगों को एक साथ मिलकर काम करना चाहिए और बिल्कुल सहयोग करना चाहिए ..साथ में कार्यक्रम के अध्यक्षता किया जिला साहू समाज के अध्यक्ष भागवत साहू जी महामंत्री नीलमणि साहू जी मिलाप साहू जी तुल दास साहू जी,नीलेंद्र साहू जी दीनू साहू,देवेंद्र साहू भुवन साहू लीला राम साहू,सुरेश साहू रिखी राम साहू,कृष्ण साहू , डामन साहू, भभुति साहू,नरेंद्र साहू,समाज प्रमुख क्षेत्रवासी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### चेंबर का प्रतिनिधिमंडल एवं टेक्निकल टीम राज्य जीएसटी आयुक्त से मिला



**रायपुर 7 जून।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेंबर अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने राज्य जीएसटी आयुक्त श्री रजत बंसल जी से मुलाकात कर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने तथा राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों को दिए जा रहे विभिन्न नोटिसों पर स्वतः रोक लगाने प्रदेश भर के व्यापारियों से प्राप्त नोटिस की प्रतिलिपि सहित ज्ञापन सौंपा। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी ने बताया कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने चेंबर ने राज्य जीएसटी आयुक्त श्री रजत बंसल जी को ज्ञापन सौंपा तथा ई-वे बिल की संख्या एवं अनुपालन से संबंधित बढ़ती जटिलताओं पर विस्तृत चर्चा की। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष ने आगे बताया कि नए अधिनियम की जटिलता, पोर्टल की अनभिज्ञता के साथ, अनजाने में त्रुटियां और अनुपालन में देरी हुई है अतः विभाग द्वार प्रदेश एवं जिलों के व्यापारियों को लगातार भेजे जा रहे विभिन्न नोटिस जैसे जीएसटीआर-1 फॉर्म देर से दाखिल करने हेतु जुर्माना नोटिस इत्यादि पर रोक लगाई जाए। उपरोक्त विषयों पर माननीय श्री रजत बंसल जी, राज्य जीएसटी आयुक्त ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित कदम उठाने की बात कही। इस अवसर पर चेम्बर सलाहकार जितेंद्र दोशी, अमर गिदवानी, परमानंद जैन, सुरिंदर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष-राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष-कन्हैया गुप्ता, भरत जैन, मंत्री- जयराम कुकरेजा, दीपक विधानी, टेक्नीकल टीम के सदस्य- सी.ए. मुकेश मोटवानी, सी.एस.सतीश तवनिया, महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय जादवानी, रायपुर आटोमोबाईल डीलर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष विवके गर्ग, रायपुर होलसेल फुटवेयर एसोसियेशन के अध्यक्ष तनेश आहूजा, एवं युवा कैट अध्यक्ष अवनीत सिंह, मनीष सोनी, नागेन्द्र तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### रायपुर प्रेस क्लब के संविधान में संशोधन के लिए सुझाव आमंत्रित

रायपुर 7 जून। रायपुर प्रेस क्लब के संविधान में आवश्यक संशोधन किया जाना है। इसके लिए संविधान संशोधन कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की पहली बैठक गुरुवार, 6 जून 2024 को दोपहर 12 बजे प्रेस क्लब सभा कक्ष में रखी गई। कमेटी ने अपनी पहली बैठक में निर्णय लिया कि संविधान संशोधन के लिए सर्वप्रथम सदस्यों से उनके सुझाव आमंत्रित कर लिए जाएं। इसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जाए। संविधान संशोधन से पूर्व सदस्यों की ओर से महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हो सकते हैं। इससे संशोधन में आसानी होगी। कमेटी ने प्रेस क्लब सदस्यों से 7 से 13 जून तक लिखित में सुझाव आमंत्रित किए हैं। प्रेस क्लब के सम्मानित सदस्य निर्धारित तारीख तक दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक अपने सुझाव प्रेस क्लब कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त सुझावों पर कमेटी की अगली बैठक विचार किया जाएगा।

### न्युवोको विस्टास ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इकोड्यूर थर्मल इंसुलेटेड कंक्रीट को लॉन्च किया

**रायपुर 7 जून।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह, ने इस विश्व पर्यावरण दिवस पर अपना एक नए और बेहतरीन उत्पाद, इकोड्यूर थर्मल इंसुलेटेड कंक्रीट को लॉन्च किया। यह बेहतरीन और मजबूत निर्माण सामग्री ऊर्जा कुशलता को बढ़कर और इमारतों को ठंडा रखने में आने वाली एनर्जी की लागत को कम करके ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते इनडोर तापमान की चुनौतियों का पर्यावरण के अनुकूल समाधान प्रदान करता है। इकोड्यूर थर्मल इंसुलेटेड कंक्रीट निर्माण सामग्री एक टेक्नोलॉजी सफलता है, जिसे स्पेशलाइज्ड एग्रीगेट्स के साथ तैयार किया गया।

संपादकीय

## कोशिश तो की पर सफल नहीं हुई कांग्रेस

राजनीति में सब मौके की ताक में रहते हैं। जिसे मौका मिलता है वह चूकना नहीं चाहता है। जिसे बहुमत नहीं मिला होता है,वह भी सोचता है कि किसी तरह से बहुमत का जुगाड़ हो जाए तो वह सरकार बना ले। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस वाले गठबंधन को जनादेश नहीं मिला है। जनादेश का मतलब होता है कि किसे बहुमत मिला है या किसे सबसे ज्यादा सीटें मिली हैं। इस हिसाब से देखा जाए तो कांग्रेस वाले इंडिया गठबंधन को बहुमत तो मिला नहीं है, सबसे ज्यादा सीटें भी नहीं मिली हैं। इसलिए कायदे से तो उसे सरकार बनाने के बारे में एक शब्द नहीं कहना था। उसने पहले दिन ही रिजल्ट आने के बाद से कोशिश शरू कर दी थी कि एनडीए के नीतीश कुमार व चेंद्र बाबू नायडू उनके पाले में आ जाए तो वह सरकार बनाने का प्रयास करें। कई तरह की लालच दिया गया, नीतीश कुमार को बड़े पद का लालच दिया गया, चंद्रबाबू नायडू से कहा गया कि वह इंडिया गठबंधन के साथ आ जाए तो आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा दिया जा सकता है। बाकी दलों से भी बात की गई कि वह इंडिया के पाले में आ जाएं ताकि मोदी सरकार न बन सके लेकिन कांग्रेस के साथ कोई आने को तैयार नहीं हुआ। इससे कांग्रेस को राहुल गांधी को पीएम बनाने का सपना फिलहाल तो पूरा होता दिख नहीं रहा है। कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं और वह राहुल गांधी को पीएम बनाने का प्रयास कर रही है और पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा को 240 सीटें मिली हैं फिर भी वह कह रही है कि मोदी को पीएम बनने का हक नहीं हैं। यह कांग्रेस का पुराना सपना है क्योंकि वह 2914 में भी नहीं चाहती थी कि नरेंद्र मोदी पीएम बनें, 2019 में नहीं चाहती थी कि मोदी पीएम बने लेकिन दोनों बार कांग्रेस के न चाहने के बाद भी नरेंद्र मोदी पीएम बने। इस दौरान कांग्रेस पीएम मोदी के खिलाफ जितनी नफरत कर सकती थी, करती रही। पीएम मोदी देश के लिए उल्लेखनीय काम करते रहे। भाजपा मजबूत होती गई और कांग्रेस कमजोर होती गई। आज भाजपा को बहुमत नहीं मिला है लेकिन भाजपा आज भी कांग्रेस से बहुत मजबूत है। वह कांग्रेस की तुलना में ज्यादा स्थिर सरकार दे सकती है, इसलिए एनडीए के दल चाहते हैं कि देश की पीएम नरेंद्र मोदी को ही बनना चाहिए। कांग्रेस इस बात से बहुत मायूस हुई है कि एनडीए के सभी दलों ने पीएम बनने के लिए नरेंद्र मोदी का समर्थन कर दिया है। यह साफ हो जाने के बाद कि कांग्रेस वाले गठबंधन के लिए अब सरकार बनाने का कोई चांस नहीं है।कांग्रेस देश को बता रही है कि वह सरकार बनाने के लिए कोई दावा पेश नहीं करंगी। उसे जो जनादेश मिला है, वह उसी के अनुसार काम करेंगी। सरकार बनाने का फैसला उचित समय पर करेगी। कांग्रेस को जितना बुरा नरेंद्रे मोदी का पीएम बनना लगता है, उससे भी ज्यादा बुरा तो यह लग रहा होगा कि नरेंद्र मोदी वह नेता हैं जो पं. नेहरू के समकक्ष होने वाले हैं। तीन बार पं. नेहरू पीएम बने थे और अब तीसरी बार नरेंद्र मोदी पीएम बनने जा रहे हैं। यानी की पं. नेहरू के बाद देश के सबसे लोकप्रिय नेता अब नरेंद्र मोदी ही माने जाएंगे। एक बार ओर जनता ने चाहा तो नरेंद्र मोदी चौथी बार भी देश का पीएम बनेंगे। नरेंद्र मोदी देश के तमाम नेताओं में सबसे फिट है, सबसे ज्यादा मेहनत कर सकते हैं। देश के लिए समपित है। ईमानदार है, मजबूत नेता है, भ्रष्टाचार के सख्त विरोधी हैं। यानी देश के पीएम में जितने गुण होने चाहिए, उससे ज्यादा गुण उनमें हैं। देश में आठ बार गठबंधन की सरकार बनी है और चार सरकारें ही अपना कार्यकाल पूरा कर सकी हैं चार सरकारें बीच में गिर गईं या गिरा दी गई और मध्यावधि चुनाव कराना पड़ा है, इसलिए गठबंधन वाली सरकार को देश में कमजोर सरकार माना जाता है। माना जाता है कि यह अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएंगी। समर्थन करने वाले दल जब भी उनका स्वार्थ पूरा नहीं होगा, वह समर्थन वापस लेकर सरकार गिराने का प्रयास तो करेंगे ही। यह बात को मोदी व शाह भी जानते होंगे इसलिए वह सरकार पांच साल चलाने के लिए कोई जुगाड़ तो आने वाले महीनों में जरूर करेंगे ताकि साथ देने वालों को एहसास दिलाया जा सके कि मोदी सरकार को जितना कमजोर मसझ रहे हो, वह उतनी कमजोर नहीं है। राजनीथि में असंभव कुछ भी नहीं होता है। इंडिया गठबंधन एनडीए के कमजोर होने का इंतजार कर रहा है पता चला कि बाद में कुछ बड़े खिलाड़ी इंडिया को ही छोड़कर चले गए। राजनीति में चाले दोनों तरफ से चली जाती हैं। होशियार वह होता है तो समय से पहले हर तरह की तैयारी करके बैठा रहता है। तैयारी थी तब ही तो भाजपा को नहीं तो एनडीए को बहुमत मिला है और सरकार भी बन रही है।

चुनाव

किशन सनमुखदास भावनानी

# आचार संहिता हटाई-नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू



वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियंत की नजरें भारत में संपन्न हुए सबसे बड़े चुनावी महापर्व पर लगी हुई थी जिससे सभी को उम्मीद थी कि सत्ताधारी दल वापसी करेगा,क्योंकि 17वीं लोकसभा के मंत्रिमंडल के नेतृत्व से पूरी दुनियां के अनेकों रणनीतिक साझेदारी कार्यक्रम अनुबंधित थे और देशवासियों को भी उनसे काफी उम्मीदें हैं, परंतु रिजल्ट में ऐसा देखा गया कि कहीं ना कहीं कुछ छूट गया है जो सत्ताधारी दल को क्लीन मेजोरिटी नहीं आई, परंतु गठबंधन को जरूर पूरी क्लीन मेजोरिटी आई है,इसलिए एनडीए की सरकार बनना तय है, जिसकी प्रक्रिया शुरू है। 5 जून को एनडीए ने अपना नेता चुना व 7 जून 2024 को एनडीए सांसदों ने अपना नेता चुना। अब माननीय राष्ट्रपति के पास सरकार बनाने के लिए अपना दावा प्रस्तुत कियाजाएगा। इस बीच दिनांक 6 जून 2024 को देर शाम मुख्य चुनाव आयुक्त अपने दो आयुक्तों के साथ माननीय राष्ट्रपति को 18 वीं लोकसभा के लिए संपन्न कराए गए चुनाव में चुने गए सांसदों की सूची व आचार संहिता हटने की घोषणा की अधिसूचना सौंपी, अब माननीय राष्ट्रपति महोदया नें सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, यानें कुल मिलाकर निष्कर्ष निकाले तो भारतीय चुनाव आयोग ने इतने बड़े लोकतंत्र के चुनाव में इतिहास रच दिया है, जिसकी तारीफ व सराहना माननीय राष्ट्रपति द्वारा की गई है ।जबकि बता दें कि अभी-अभी दक्षिण अफ्रीका में हुए चुनाव में वहां किसी को बहुमत नहीं आया है, एक तरह से हंग नतीजे में गहमा गहमी चल रही है, जिसमें नेल्सन मंडेला की सबसे बड़ी पार्टी को 400 में से 159 सीटें मिली है अब सरकार बनने की कवायत शुरू है, परंतु भारत में उम्मीद है कि 9 जून 2024 को प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह होगाक्योंकि चुनाव आयोग ने माननीय राष्ट्रपति को नवनिर्वाचित सदस्यों की लिस्ट शॉप दी है, आचार संहिता हटा दी है,अब नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसलिए आज हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, 18वीं लोकसभा का कार्यकाल 17 जून से शुरू होने के पहले नई सरकार का गठन करने को रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम 2024 के चुनाव में कुल मतदान प्रतिशत 65.79 प्रतिशत होने की करें तो आम चुनाव 2024 में मतदान केंद्रों पर 65.79 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त मानक प्रथा के अनुसार, डाक मतों की संख्या तथा सकल मतदान की विस्तृत सांख्यिकीय रिपोर्टें अंतिम रूप दिए जाने के पश्चात आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएंगी। डाक मतपत्रों में सेवा मतदाता, अनुपस्थित मतदाता (85+, दिव्यांग, आवश्यक सेवाएं आदि) और चुनाव ड्यूटी पर लगे मतदाता शामिल हैं।

साथियों बात अगर हम महात्मा गांधी के अहिंसा संदेश से शांतिपूर्ण हिंसा मुक्त चुनाव के प्रति प्रतिबद्धता के प्रण की बात ईसी द्वारा करने की करें तो,माननीय राष्ट्रपति को 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों के नाम सौंपने के बाद आज शाम राजघाट पर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना के ग्रेजुएट और टीचर्स निर्वाचन क्षेत्रों को छोड़कर, जहां तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता लागू नहीं रहेगी, वहां ग्रेजुएट और टीचर्स निर्वाचन क्षेत्रों में विधान परिषद के द्विवार्षिक/उप-चुनावों के कारण एमसीसी लागू है। उन्होने कहा हम यहां राष्ट्र द्वारा हमें सौंपे गए पवित्र कार्य, 18वीं लोकसभा के आम चुनाव सम्?पन्?न कराने के बाद राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए खड़े हैं। हम भारत के लोगों की इच्छा को लगभग अहिंसक तरीके से उत्प्रेरित करने के बाद अपने दिल में विनम्रता लिए हुए यहां खड़े हैं।लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है, यह वह स्पष्ट प्रतिबद्धता थी जिसके साथ 16 मार्च, 2024 को 18वीं लोकसभा के चुनावों की घोषणा की गई थी। चुनावी प्रक्रिया को हिंसा से मुक्त रखने की इस प्रतिज्ञा के पीछे हमारी प्रेरणा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी थे। उन्होंने इंसान के बीच समानता की वकालत की और सभी के लिए लोकतांत्रिक अधिकारोंकी वकालतकी,महात्मा के विचारों में वयस्क मताधिकार सभी प्रकार के वर्गों की सभी उचित आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम बनाता है। मतदान केन्?द्रों पर उत्सव के मूड में लंबी कतारें और मतपत्र के माध्यम से अपने भविष्य का फैसला करने का दृढ़ संकल्प महात्मा के पोषित आदर्शों और भारत की सभ्यतागत विरासत का प्रमाण था।आयोग ने पूरे दिल, दिमाग और पूरी ईमानदारी के साथ यह सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है कि सबसे आम भारतीय का मताधिकार किसी भी कीमत पर नकारा न जाए, बल्कि इसे सख्ती से सक्षम बनाया जाए; कि दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रतियोगिता लोकतांत्रिक अधिशेष पैदा करे; और हमारे विशाल परिदृश्य में शामिल करोड़ों लोगों के गहन कार्यों में किसी भी रूप में हिंसा की थोड़ी सी भी छाया पड़ने की अनुमति न हो। जम्मू-कश्मीर और मणिपुर समेत भारत के सभी राज्यों और केन्?द्र शासित प्रदेशों ने अपने परिपक्व आचरण से एक मिसाल कायम की है जो भविष्य के लिए शुभ संकेत है। शांति और विकास का रास्ता गोली नहीं बल्कि मतपत्र है।हम इस शपथ के साथ अपनी बात समाप्त करते हैं कि भारत के निर्वाचन आयोग की राष्ट्र के प्रति सेवा, जो अब अपने 76वें वर्ष में है, अडिग समर्पण के साथ जारी रहेगी। हमने अफवाहों और निराधार संदेहों के साथ चुनावी प्रक्रिया को दूषित करने के सभी प्रयासों को खारिज कर दिया, जो अशांति भड़का सकते थे। भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं में अपार आस्था रखने वाले आम आदमी की इच्छा और बुद्धि की जीत हुई है। हम नैतिक और कानूनी रूप से स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव आयोजित करके हमेशा इसी भावना को बनाए रखने के लिए बाध्य हैं। साथियों बात अगर हम चुनाव 2024 में लगी आचार संहिता हटाने की करें तो, लोकसभा चुनावी प्रक्रिया खत्म होने के साथ ही गुरुवार शाम को भारतीय चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त राष्ट्रपति से मुलाकात की। उन्होंने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 73 के तहत आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की एक कॉपी राष्ट्रपति को सौंपी। जिसमें 18वीं लोकसभा के आम चुनावों के बाद चुने गए सभी 543 लोकसभा सदस्यों के नाम भी थे। इसी के बाद आयोग द्वारा देशभर में 16 मार्च से लगी आदर्श आचार संहिता को भी 6 जून की शाम को तुरंत प्रभाव से हटा लिया गया। देश में लोकसभा चुनाव सात चरणों में हुए। मंगलवार को लोकसभा चुनाव का परिणाम चुनाव आयोग ने घोषित किया। लोकसभा चुनाव के दौरान देशभर में चुनाव आयोग ने आचार संहिता लागू की थी। जिसे बृहस्पतिवार को हटा दिया गया।इसके लिए आयोग की तरफ से राष्ट्रपति भवन के कैबिनेट सेक्रेटरी, सभी 36 राज्यों के मुख्य सचिव और मुख्य चुनाव अधिकारी को इस आदेश की कॉपी भेजी गई है। आयोग ने बताया कि आम चुनाव कराने की वजह से देशभर में लगी आदर्श आचार संहिता को हटा लिया गया है। इनमें वह राज्य भी शामिल हैं। जहां-जहां विधानसभा चुनाव भी हुए थे। हालांकि, कर्नाटक, महाराष्ट्र औरतेलंगाना के उन निर्वाचन क्षेत्रों में आचार संहिता अभी लागू रहेगी। जहां द्विवार्षिक और उप चुनाव हैं।

साथियों बात अगर हम दक्षिण अफ्रीका में आए हंग चुनावी परिणाम की करें तो, दक्षिण अफ्रीका में ऐतिहासिक चुनाव के परिणाम में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) को संसद में बहुमत नहीं मिला. दक्षिण अफ्रीका को रंगभेद से मुक्त कराने वाली एएनसी पार्टी ने इस तरह 30 साल में पहली बार बहुमत गंवा दिया।बुधवार को हुए चुनाव के लिए 100 प्रतिशत मतगणना पूरी हो चुकी है और सत्तारूढ़ एएनसी को 40 प्रतिशत से अधिक मत मिले है जो बहुमत से कम है. चुनाव आयोग ने रविवार को चुनाव परिणामों की आधिकारिक घोषणा में कहा कि एएनसी ने दक्षिण अफ्रीका की नेशनल असेंबली में 400 में से 159 सीटों पर जीत हासिल की है। राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के नेतृत्व वाली एएनसी ने 30 साल पहले 1994 में नेल्सन मंडेला के निर्वाचित होने के बाद पहली बार अपना बहुमत खोया है. हालांकि, रामाफोसा ने बहुमत नहीं मिलने के बावजूद इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है और विभिन्न दलों के बीच अभूतपूर्व गठबंधन वार्ता शुरू हो गई है, ताकि देश में सरकार बनाई जा सके।विपक्षी दलों ने इसे गरीबी और असमानता से जूझ रहे देश के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता बताया. एएनसी हालांकि किसी तरह सबसे बड़ी पार्टी बनी रही, लेकिन अब उसे सरकार में बने रहने और राष्ट्रपति रामाफोसा को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुनने के लिए गठबंधन सहयोगियों की तलाश करनी होगी. राष्ट्रीय चुनाव के बाद संसद दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का चुनाव करती है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति को नवनिर्वाचित सांसदों की लिस्ट सौंपी-आचार संहिता हटाई-नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू।राष्ट्रपति ने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने चुनाव आयोग सुरक्षा कर्मियों व चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने वाले करोड़ों मतदाताओं की सराहना की।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व और स्वभाव में सकारात्मक परिवर्तन होने से परिवार वाले प्रसन्न होंगे। पहले किये गये किसी सामाजिक कार्य के लिए आपको सम्मानित किया जायेगा। घर में किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से चहल पहल बनी रहेगी। आज अपनी योजनाओं और गतिविधियों को सीक्रेट रखें। आज व्यापार में आ रही किसी समस्या का समाधान निकलेगा। आज अनुभवी लोगों का सहयोग और मार्गदर्शन आपके लिए सहायक रहेगा।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपनी कोई भी खास बात किसी से शेयर ना करें। आज माता जी की सलाह से लिया गया कोई भी निर्णय भविष्य में लाभदायक साबित होगा।आपकी धर्म-कर्म और आध्यात्मिक कार्यों में भी आस्था बनी रहेगी। छात्र आज कोई कम्प्यूटर कोर्स सीखने का मन बनाएंगे। वकालत कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा। जीवनसाथी आपको कोई उपहार देंगे।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा और रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना दूसरों के बीच आकर्षण का केंद्र बनेगा। आज किसी रुके हुए काम को पूरा करने के लिए उचित समय है। किसी भी योजना को क्रियान्वित करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह जरूर ले। लेनदेन के मामलों को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है। आज अगर कोई यात्रा का विचार बन रहा है, तो अपने सामान का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ? की वजह से व्यस्त रहेंगे। बच्चे आज किसी खिलौने की मांग कर सकते हैं।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसायिक कार्यप्रणाली में किसी भी तरह का बदलाव न करें। यह समय रुकी हुई पेमेंट को कलेक्ट करने और आर्थिक स्थितियों को मजबूत करने के लिए उत्तम है। आज आपका पारिवारिक सदस्यों के साथ सुखद समय बीतेगा और घर में मेहमानों के आगमन से चहल-पहल रहेगा। अपनी अच्छी सेहत के लिए रुटीन चेकअप जरूर कराएं। आज ऑफिस के कार्यों में सहकमियों का सहयोग मिलेगा।

सिंह राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित जानकारी हासिल करने से ज्यादा सफलता मिलेगी। आज आपके सरल स्वभाव का कुछ लोग फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। आज अपनी योजनाओं व गतिविधियों को किसी के साथ भी शेयर ना करें। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, किसी टॉपिक को समझने में आ रही समस्या समाप्त हो जाएगी।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों के लिए आपका व्यवहार अच्छा रहेगा, आपके अंदर नयी ऊर्जा का संचार होगा। आज आपको जो भी काम दिया जाएगा उसे अच्छे से पूरा करने में सफल होंगे। बिजनेस में आपको मेहनत के अच्छे नतीजे हासिल होंगे। आज आपको अपने गुस्से पर कण्ट्रोल रखना होगा। परिवार के साथ आज कोई मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। कान से जुड़ी समस्या के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखा सकते हैं। माता जी आपसे कुछ फरमाईस कर सकती है जिसको पूरा करने पर वह खुश होंगी।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज का समय उपलब्धियों वाला है। आज अपनी पूरी मेहनत व ऊर्जा अपने कार्यों के प्रति लगाएंगे। आज जीवनसाथी और पारिवारिक सदस्यों का पूर्ण सहयोग मिलता रहेगा और आपसी रिश्ते भी सौहार्दपूर्ण बने रहेंगे। बिजनेस के कामों में सुधार होगा। स्टाफ और कमर्चारियों का सहयोग बना रहेगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। लवमेट आज आपको कोई सरप्राइस देंगे।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति विशेष के बारे में सोच कर रोमांचित रहेंगे। आज आपको कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं। आज आपके लिए घर का कोई सदस्य कुछ खरीद सकता है जिसे पाकर आप आनन्दित होंगे। आज वर्कस्पेस पर सीनियर्स और बॉस के द्वारा कुछ बताया जा रहा है तो उसे गंभीरता से लें, और अपनी कमियों को जानकर उसे सुधारने का प्रयास करें। आज बिजनेस की प्रगति के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग करेंगे।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी की सलाह मिलने से आपका हौसला बढेगा और आप काम को बढि?ा तरीके से करेंगे। करियर को बेहतर बनाने के लिए आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। पहले से लोन के लिए किया गया आवेदन आज स्वीकृत हो जायेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। स्पोर्ट से जुड़े लोगों के लिए आज का काफी बढि?ा रहने वाला है। आज कुछ बेहतरीन सीखने को मिलेगा।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके परिवार में आपसी प्रेम रहेगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से आज सब कुछ ठीक रहेगा। आपकी इनकम अच्छी रहेगी। आज पारिवारिक संपत्ति संबंधित कोई मामला सुलझ सकता है। कार्यों में भाई व बहनों का सहयोग आपको मिलता रहेगा। मेडिकल स्टोर चला रहे लोगों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। आज घर पर परिवार के साथ आप अलग-अलग पकवानों का आनंद उठाएंगे।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। लोगों के मन में आपके प्रति सम्मान का भाव रहेगा यह देखकर आपको खुशी होगी। आज आप घर के कामों में अपनी माँ की मदद करेंगे और भविष्य को लेकर आप बातचीत भी करेंगे। आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचें। आपका कोई मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है जिसकी आप अपनी क्षमता के अनुसार मदद करेंगे। संतान को यदि आप कोई जिम्मेदारी देंगे, तो भी वह उसपर खरा उतरेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

मीन राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका जो उद्देश्य है, उससे जुड़े विचारों पर ध्यान देने की कोशिश करें। मित्रों के साथ बिताए हुए समय को सोचकर आनंदित होंगे। आज आपको संतान पक्ष से खुशखबरी मिलेगी। आज आपको आय के कई रास्ते दिखाई देंगे। आपका किसी नए वाहन तो खरीदने का सपना पूरा होगा। आज अचानक हुये धन लाभ से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

व्यंग्य

## नई बीमारी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

डायवर्टिज ! सुनने में तो नई बीमारी है, लेकिन डायबिटीज से एकदम अलग है। वैसे तो दोनों आम बीमारी लगते हैं, लेकिन लोग कभी महसूस नहीं कर सकते हैं कि उन्हें डायवर्टिज पहले हुआ या डायबिटीज। लोग डायबिटीज के कम डायवर्टिज के अधिक शिकार होते जा रहे हैं। डायबिटीज एक चयापचय विकार है जिसे उच्च रक्त शर्करा के स्तर से पहचाना जाता है। रक्त शर्करा के स्तर में वृद्धि से महत्वपूर्ण अंगों के साथ-साथ इंसानी शरीर के अन्य अंगों को नुकसान होता है, जिससे अन्य संभावित स्वास्थ्य बीमारियाँ होती हैं। जबकि डायवर्टिज की बीमारी ह्यडायवर्टह्न करने से होती है। लोग भूख से मर रहे हों तो उन्हें मंदिर-मस्जिद, महंगाई बढ़ रही हो तो शिवलिंग और चुनाव समीप हो तो सरहद पर माहौल गरमाकर मुद्दे को डायवर्ट कर दो, आदमी ससुरा खुद-ब-खुद डायवर्टिज का शिकार होकर झोला उठाकर चल देता है। डायबिटीज के ज्यादातर सामान्य लक्षण हैं थकान, जलन, तनाव, थकान, बार-बार पेशाब आना और सिरदर्द जिसमें ताकत और स्टैमिना कम होना, वजन कम होना, भूख का बढ़ना आदि। जबकि डायवर्टिज में ऊटपटांग बातें करना, महंगाई का नाम लेते ही गोमूत्र पीने को कहना, विकास के नाम पर शहरों के नाम बदल देना, गिरते रुपए की बात उठे तो हनुमान चालीसा पढ़वा देना, जहाँ दाल न गल रही हो वहाँ सीबीआई को भेज देना, कोई देश के कर्ज के बारे में बात करे तो उसे देशद्रोही घोषित कर देना आदि इसके लक्षण हैं। डायबिटीज में ब्लड शुगर लेवल दो प्रकार के होते हैं- फास्टिंग ब्लड शुगर लेवल और पोस्टप्रैंडियल ब्लड शुगर लेवल। आम तौर पर इसे रात भर के उपवास के बाद मापते हैं। डायवर्टिज में खून ह्यमापनेह्न की जगह ह्यबहानेह्न पर विश्वास किया जाता है। बहने वाला खून कितने काम का है इसकी जाँच चुनाव में पड़ने वाले वोटों से की जाती है। गौरतलब है कि खून बहाने वाले डायवर्टिज प्रेरक अपने खून को इन खूनों से दूर रखते हैं। इनके लिए अपना खून, खून और गैरों का पानी होता है।



डायबिटीज गंभीर स्वास्थ्य परिणामों का कारण बनता है और यह शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को भी प्रभावित करता है। रक्त में अत्यधिक ग्लूकोज गुर्दे, रक्त वाहिकाओं, त्वचा को नुकसान पहुँचाता है जिसके परिणामस्वरूप हृदय, त्वचा और अन्य रोग होते हैं। इससे किडनी को नुकसान पहुंचता है, जिसके परिणामस्वरूप शरीर में अशुद्धियों का संचय होता है। डायवर्टिज बीमारी दलाल समाचार पत्रों, चैनलों और व्यापारियों के भड़काऊ शर्करा के कारण होती है। यह बीमारी किसी एक को न होकर पूरे समाज को होती है। ऊपर से मीठी बात करना, भीतर से आग लगाना और समाज के सारे अंग खराब कर विद्वेषों का संचार करना इस बीमारी के सामान्य लक्षण हैं। डायबिटीज में दिल की बीमारी हो सकती है, जबकि डायवर्टिज में सर्वांग बीमारी होती है। आदमी डायबिटीज के साथ तो रह सकता है, लेकिन डायवर्टिज के साथ कतई नहीं। आजकल डायवर्टिज महामारी का रूप धारण कर चुकी है। डॉक्टरों का कहना है कि सभी अपने-अपने घरों की खुदाई कर पूर्व जाँच कर लें, अन्यथा कोई धार्मिक प्रतीक निकलने पर उन्हें देशद्रोही घोषित कर दिया जाएगा। यह एक गंभीर जानलेवा बीमारी है और इससे बचने के लिए महंगाई, भुखमरी, बेरोजगारी दवाइयों की नियमित डोज की आदत डाल लेनी चाहिए। इससे शरीर में देशभक्ति का खून सुचारू रूप से दौड़ने लगता है। जो व्यक्ति डायवर्टिज से दूर रहता है वह डायबिटीज तो क्या कैंसर और एड्स जैसी बीमारियों पर भी विजय प्राप्त कर लेता है। डायवर्टिज से बचने की कोई दवा नहीं है, केवल उसे वोट देकर उसकी मनमानी सहने की आदत डाल लेनी चाहिए, इससे अल्पायु दीघार्यु हो सकती है।

## गर्मी में अगर आप भी रोजाना खा रहे हैं दही तो जान लें यह जरूरी बातें

दही को पोषण से भरपूर माना जाता है. इसमें कई सारे विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होते हैं. खासकर गर्मियों में लोग दही का रोजाना और ज्यादा इस्तेमाल करते हैं. कुछ लोगों को पराठे के साथ सुबह-सुबह दही खाना पसंद होता है. क्योंकि यह कई सारे पोषक तत्वों से भरपूर होता है. लेकिन क्या गर्मी में रोजाना दही ठीक है? दही पेट के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक दही खाना अच्छी बात है लेकिन इसे एक लिमिट मात्रा में खाना चाहिए. क्योंकि ज्यादा खाने से इसके कई सारे साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं. रात में इसे खाने से डॉक्टर इसे मना करते हैं क्योंकि इसे खाने से कफ बनने लगता है. सेल्स को बढ़ने के लिए अमिनो एसिड की जरूरत पड़ती है. इसमें भरपूर मात्रा में मसल्स, स्किन, बाल, नाखून जैसी चीजें प्रोटीन से बनी होती है. रिपोर्ट के मुताबिक 100 ग्राम दही के अंदर 11.1 ग्राम प्रोटीन मिल जाता है.

विश्लेषण

ललित गर्ग

# अब भी मोदी सबसे बड़े एवं वर्चस्वी नेता हैं



अठाहरवीं लोकसभा चुनाव के नतीजे भले ही अपने अंदर कई संदेशों को समेटे हुए हैं, भले ही भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला हो, भले ही इंडिया गठबंधन एक चुनौती के रूप में खड़ा हुआ हो, फिर भी तीसरी बार नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बनते हुए नये भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये वे पहले दो कार्यकाल से अधिक शक्ति, संकल्प एवं जिजीविषा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सीटों के लिहाज से भाजपा को भले ही नुकसान हुआ, लेकिन लगातार तीसरी बार वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। ओडिशा और तेलंगाना में पार्टी ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबको चौंकाया है। ओडिशा में लोकसभा ही नहीं, विधानसभा में भी पार्टी ने बीजू जनता दल का 24 साल से चला आ रहा वर्चस्व तोड़ा। अरुणाचल प्रदेश की 60 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में 54 प्रतिशत मत और 46 सीटों के प्रचंड बहुमत के बल पर भाजपा सरकार बनाने में सफल हुई है। वहीं, गुजरात, छतीसगढ़ और मध्य प्रदेश भाजपा के गढ़ बने हुए हैं, जबकि देश की राजनीति में अब भी मोदी सबसे बड़े एवं वर्चस्वी नेता है। वे अब भी अपने चौंकाने वाले एवं आश्चर्य में डालने वाले विलक्षण एवं अनूठे फैसलों से राष्ट्र को विकास की नई उड़ान देते रहेंगे। भाजपा को कम सीटें मिले कारणों की समीक्षा एवं मंथन करते हुए अपनी हार के कारणों को सहजता एवं उदारता से स्वीकारना चाहिए एवं जिन गलतियों के कारण कम सीटें मिली, उन्हें दूर करना चाहिए। इस बार के चुनाव को नियोजित एवं प्रभावी तरीके से सम्पन्न करने में चुनाव आयोग की भूमिका सराहनीय रही। भले ही इडिया गठबंधन ने ई.वी.एम. और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगाकर देश एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कलंकित किया था। लेकिन चुनाव परिणाम ने न केवल इस प्रकार के भ्रामक, गुमराह करने वाली बातों एवं मिथकों को तोड़ दिया, बल्कि इसने भारत के जीवंत, बहुलतावादी, पंथनिरपेक्षी और स्वस्थ लोकतांत्रिक छवि को पुनर्स्थापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी का अंधविरोध करने वाला वाम-जिहादी-सम्प्रदायवादी राजनीतिक समूह अपने इस वाहियात प्रलाप एवं राष्ट्र-विरोधी षड़यंत्र में कोई कमी नहीं छोड़ी। बावजूद इसके इंडिया गठबंधन के घटक दलों के लिये चुनाव परिणाम अनेक अर्थों में संतोषजनक रहे हैं। कांग्रेस के लिये यह चुनाव नये जीवन का वाहक बना हैं। वैसे भी एक आदर्श लोकतंत्र के लिये सशक्त विपक्ष का होना जरूरी है, यही लोकतंत्र को खूबसूरती देता है। भारतीय मतदाताओं ने इंडिया गठबंधन को विपक्षी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने का संदेश दिया है। इस बार के चुनाव परिणाम अनेक राजनीतिक दलों के सामने भी अनेक प्रश्न खड़े किये हैं। कौन जेल में रहेगा, इसका फैसला अदालतें करती हैं। परंतु दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस चुनाव को अपने जेल के अंदर रहने या बाहर रहने का अधिकार मतदाताओं को सौंपा था, जिसका नतीजा यह रहा कि उनके शासित वाले दिल्ली में आप का खाता तक नहीं खुला, तो वहीं उनकी पार्टी पंजाब में विधानसभा चुनाव-2022 का चमत्कार दोहराने में विफल हो गई और 13 में से केवल 3 सीटें ही जीत पाई। शरद पवार का राजनीतिक वारिस कौन और असली शिवसेना किसकी? क्या माया और ममता अब भी ताकतवर हैं? यह चुनाव ऐसे ही कई सवालों के साथ शुरू हुआ था। इनमें से कुछ के जवाब मिल गए हैं और कुछ के बाकी हैं। जिस तरह के नतीजे आए हैं, उससे यह संदेह भी पैदा हुआ है कि क्या देश में आर्थिक सुधार जारी रहेंगे? क्या देश विकास के पथ पर अग्रसर होता रहेगा? नीतिगत स्थिरता का क्या होगा? शायद इसी संदेह की वजह से शेयर बाजार में भारी गिरावट आई। लेकिन नरेन्द्र मोदी के पहले भाजपा मुख्यालय में दिये उद्बोधन एवं गठबंधन दलों के साथ हुई बैठक में इन सवालों के जवाब काफी हद तक मिल गये, जिससे शेयर बाजार ने भी तेजी पकड़ी है एवं भाजपा एवं सहयोगी दलों के कार्यकताओं में उत्साह का संचार हुआ है। देश एक बार फिर गठबंधन सरकारों के युग में प्रवेश कर रहा है। अब यह एक हकीकत है कि मौजूदा जनादेश के मद्देनजर गठबंधन सरकार बनाना भाजपा की मजबूरी हो गई है। निश्चित रूप से पूर्ण बहुमत के साथ सहयोगी दलों के साथ सरकार चलाने और अल्पमत में सहयोगी दलों के साथ सरकार चलाने में बड़ा फर्क है। सवाल उठाया जा रहा है कि पूर्ण बहुमत वाले दो कार्यकालों में देशहित के बड़े फैसले लेने वाली भाजपा क्या गठबंधन के सहयोगियों के दबाव के बीच शासन करने में खुद को सहज महसूस कर सकेगी? लेकिन मोदी के नेतृत्व में सरकार मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी और अपने संकल्पों एवं योजनाओं को आकार देगी, इसमें कोई संदेह नजर नहीं आती। देश में केंद्रीय स्तर 2009 के बाद पहली बार गठबंधन सरकार बनने जा रही है। अतीत में नरसिंह राव और अटल बिहारी वाजपेयी ने गठबंधन सरकारों का कुशलता से संचालन भी किया है और आवश्यक सुधारों को भी आगे बढ़ाया है। मनमोहन सिंह ने भी दस वर्ष तक गठबंधन सरकार का संचालन किया है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि उन्हें किस तरह कई बार सहयोगी दलों के अनुचित दबाव में झुकना पड़ा। अटल बिहारी वाजपेयी भी गठबंधन सरकार की चुनौतियों से जूझते रहे। लेकिन मोदी की स्थितियां भिन्न है, वे राजनीति के धुंरधर खिलाड़ी है, अमित शाह राजनीतिक जोड़ तोड़ के खिलाड़ी है, इसे देखते हुए भाजपा और उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार सफलतापूर्वक अपना काम कर सकेगी, ऐसा विश्वास है। न केवल सरकार बल्कि भाजपा के बड़े मुद्दों का भी क्रियान्वयन होगा। जब-जब भाजपा के सामने अनुचित राजनीतिक दबाव की स्थितियां बनेगी, सरकार कोई सार्थक रास्ता निकाल लेगी।वैसे भी भाजपा बहुमत के आंकड़े से ज्यादा दूर नहीं है, इसलिए यह उम्मीद की जाती है कि तेलुगु देसम पार्टी, जनता दल-यू, शिवसेना समेत अन्य सहयोगी दलों के साथ उसके लिए सरकार चलाना कहीं अधिक आसान होगा। इसके बाद भी इतना तो है ही कि प्रधानमंत्री मोदी पहली बार गठबंधन सरकार का संचालन करेंगे। हालांकि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के तहत कार्य करने के कारण वह ऐसी सरकार के संचालन के तौर-तरीकों से अवगत हैं, लेकिन स्वयं उनके लिए ऐसी सरकार चलाना एक नया अनुभव होगा। लेकिन वे भाजपा संगठन में अनेक पदों पर रहते हुए संगठन की गतिविधियों के कुशल संचालन से भिज्ञ है। देश-विदेश के दबावों को झेलते हुए उन्होंने भारत को एक शक्ति के रूप में खड़ा किया है, दुनिया जब आर्थिक संकट झेल रही है, भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, निश्चित ही गठबंधन सरकार का उनका संचालन उनकी नेतृत्व क्षमता और सबको साथ लेकर चलने के राजनीतिक कौशल को एक नया आयाम देगी। उनके पास चुनौतियों के बीच देश की समस्याओं का समाधान करने की एक राजनीतिक दृष्टि एवं कौशल है। गठबंधन सरकारों के कुछ सकारात्मक पक्ष होते हैं तो कुछ नकारात्मक पक्ष भी। गठबंधन सरकारों का नेतृत्व करने वाले को घटक दलों से समन्वय के साथ चलना होता है। इसमें समस्या तब आती है, जब घटक दल अनुचित मांगें मनवाने लगते हैं अथवा सौदेबाजी करने की कोशिश करते हैं या फिर अपने संकीर्ण हितों की पूर्ति के लिए दबाव की राजनीति करने लगते हैं। इन स्थितियों की निबटने के लिये मोदी सरकार पहले ही अन्य निर्दलयी सांसदों एवं अन्य राजनीतिक दलों को अपने साथ जोड़ने का उपक्रम कर रही है। सहयोगी दल अनुचित मांग एवं दबाव की बजाय अपने राज्य के राजनीतिक एवं आर्थिक हितों की चिंता करें, लेकिन ऐसा करते समय उन्हें राष्ट्रीय हितों को ओझल नहीं करना चाहिए। यह उन्हें भी सुनिश्चित करना चाहिए कि गठबंधन सरकार सुगम तरीके से चले। निश्चित ही मोदी सरकार के सामने चुनौतीपूर्ण स्थितियां हैं, जिस तरह महाभारत युद्ध में पांडवों के सामने जटिल स्थितियां थी। आज द्रोण नहीं तुष्टिकरण है, कृपाचार्य नहीं भ्रष्टाचार है, अश्वत्थामा नहीं आतंकवाद है, दुर्योधन नहीं महत्वाकांक्षा एवं अनैतिकता है, शकुनि नहीं आंतरिक और वैश्विक षड्यंत्र है, राष्ट्रवाद नहीं समस्त प्रकार की विघटनकारी शक्तियां-भाषावाद, क्षेत्रवाद, जातिवाद, सम्प्रदायवाद, स्वार्थवाद आदि हैं और कर्ण नहीं कट्टरवाद है।

एक नजर

## हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं



**भिलाई, 7 जून।** भिलाई बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों को आज से बीएसपी टाउनशिप के पंपों पर भी पेट्रोल नहीं दी गई। ट्रेफिक पुलिस की पहल पर टाउनशिप के दायरे में संचालित 11 निजी पेट्रोल पंपों पर भी इस नियम को लागू कर दिया गया है। महीने भर पहले दुर्ग जिले में पुलिस विभाग द्वारा संचालित तीन पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट दुपहिया और बिना सीट बेल्ट चारपहिया चलाने वालों को इंधन की आपूर्ति रोक दी गई है। ट्रेफिक पुलिस द्वारा आने वाले दिनों में अन्य क्षेत्र के निजी पेट्रोल पंप संचालकों को विश्वास में लेकर इस नियम का विस्तार किया जाएगा सड़क हादसों में होने वाली मौत के आंकड़ों को नियंत्रित करने दुर्ग पुलिस का प्रयास लगातार जारी है इसी कड़ी में आज से भिलाई टाउनशिप के सभी 11 निजी पेट्रोल पंपों पर एक साथ बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देने के निर्णय को लागू कर दिया गया है इसके लिए ट्रेफिक पुलिस के अधिकारियों ने जनहित का हवाला देकर सभी निजी पेट्रोल पंप संचालकों से ऐसा करने का आग्रह किया था। नियम को लागू करने के पहले दिन ट्रेफिक डीएसपी सतीश ठाकुर अपनी टीम के साथ टाउनशिप के अलग-अलग पेट्रोल पंपों पर जाकर दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट तथा चारपहिया वाहन से आने वालों को सीट बेल्ट अपनाने के प्रति जागरूक करने में लगे रहे गौरतलब रहे कि सड़क दुर्घटना में मौत के ज्यादातर मामले में दुपहिया वाहन चालकों का हेलमेट को नजर अंदाज करना अहम कारण रहता आया है। ऐसे ही चारपहिया वाहन चालकों के द्वारा सीट बेल्ट अपनाने के प्रति अनदेखी से जानलेवा दुर्घटना होती रही है। इस बात को देखते हुए दुर्ग पुलिस का ट्रेफिक महकमा वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट अपनाने के लिए समय-समय पर अभियान चलाकर प्रेरित करता रहा है। बावजूद इसके शत प्रतिशत सफलता नहीं मिल पाने से अब बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के किसी भी वाहन चालकों को पेट्रोल व डीजल नहीं दिए जाने का नियम सख्ती से लागू करने के निर्णय को अमलीजामा पहनाया जा रहा है

मौत के आंकड़े में 10 प्रतिशत कमी - ठाकुर

ट्रेफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा संचालित तीन पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट और सीट बेल्ट वाले वाहन चालकों को पेट्रोल व डीजल नहीं दिए जाने का निर्णय लागू होने से सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत के आंकड़े में पिछले साल के मुकाबले 10 प्रतिशत की कमी आई है। अब जब भिलाई टाउनशिप के 11 निजी पेट्रोल पंपों पर इस नियम को लागू करने का तालमेल बना है, तो आने वाले दिनों में इसका सकारात्मक परिणाम प्राप्त होगा उन्होंने कहा कि सभी दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनना चाहिए वहीं चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट अपनाने में लापरवाही बरतने की भूल न करें। यह उनकी सुरक्षा से जुड़ा है। ट्रेफिक पुलिस की टीम लगातार हेलमेट और सीट बेल्ट को लेकर वाहन चालकों को जागरूक कर रही है। इसके लिए चालानी कार्रवाई भी किया जा रहा है आने वाले दिनों में शहर के अन्य निजी पेट्रोल पंप संचालकों से बात कर इस नियम को लागू कराया जाएगा

# मानसून करीब देख नालियों की ली जा रही सुध



**पत्थलगांव, 7 जून।** मानसून करीब देखकर लंबे समय से जाम पडी नालियों के गंदे पानी की निकासी का काम शुरू कर दिया गया है। नालियों को व्यवस्थित करने के लिए नगर पंचायत ने कार्य करना शुरू कर दिया है। नगर पंचायत सी.एम.ओ जावेद खान के निर्देश के बाद दो दर्जन सफाई कर्मचारी हर रोज नालियों की सफाई कर रहे है। शहर के लोग नालियों के जाम रहने से भी अच्छे खासे परेशान रहते है,नालियों के उपर पक्का निर्माण कर देने की वजह से अक्सर नगर पंचायत को वार्ड की नालियां साफ करने मे दिक्कत पैदा होती है। सबसे अधिक परेशानी शहर के अंदर की नालियों की साफ सफाई को लेकर सामने आती है,यहा सडक किनारे बसे दुकानदार गंदे पानी की निकासी के लिए बनायी गयी नालियों पर पक्का निर्माण कर दिये है,जिसके कारण अधिकांश सडक किनारे की नालियां साफ नही हो पाती। कई बार विवाद की स्थिती भी उत्पन्न होती है। नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी जब पक्के निर्माण को हटाकर नाली सफाई करना चाहते है तो वहा बसे लोग नगर पंचायत के कर्मचारीयों पर धौंस जमाते है,जिसके कारण अक्सर नगर पंचायत के कर्मचारी उन जगहो पर नालियों की सफाई नही कर पाते जहा नालियों के उपर स्लैब बनाकर पक्का निर्माण कर दिया गया है। नालियों की निरंतर साफ सफाई ना होने से गंदे पानी की निकासी के अलावा बारिश के दौरान नालियां ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सडक पर बहने लगता है। अंबिकापुर मार्ग मे नालियों की सबसे अधिक दुर्दशा है,जरा सी बारिश होते ही नालियों का गंदा पानी दुर्गा मंदिर के अलावा आस-पास की दुकानो मे भर जाता है,जिसके कारण लोगो का आक्रोश नगर पंचायत पर फूटता है।।

आक्रोश से पहले ली सुध-:नगर पंचायत के सी.एम.ओ जावेद खान ने मानसून से पूर्व नालियों की साफ सफाई की ओर ध्यानाकर्षित कर दिया है। उन्होने बताया कि मानसून एवं गंदे पानी की निकासी को लेकर आने वाली समस्या को देखते हुये उन्होने पहले ही अपने कर्मचारियों को नालियों की सफाई के लिए लगा दिया है। उनका कहना था कि हर रोज नगर पंचायत के दो दर्जन से भी अधिक सफाई कर्मचारी जाम पडी नालियों की साफ सफाई कर रहे है।।

नालियों मे ना फेंके कचरा-:सी.एम.ओ जावेदन खान ने घर एवं दुकानदारो से नालियों मे कचरा ना फेंकने की अपिल की है। उनका कहना था कि नाली किनारे बसे लोग अक्सर छोटे मोटे कचरे को नालियों मे ही फेंक देते है,जिसके कारण कचरा धीरे-धीरे जमा होकर नालियों को जाम कर देता है। उन्होने नालियों के उपर स्लैब बनाकर पक्का निर्माण करने वाले लोगो से भी अपिल की है कि जरूरत के मुताबिक नालियों को ढंके जिससे आने जाने मे परेशानी ना हो। पूरी नाली कवर कर देने से नगर पंचायत के कर्मचारीयों को निरंतर नालियों की सफाई करने मे बेहद परेशानी उठानी पडती है।।

# आश्रम-छात्रावासों की व्यवस्था में व्यापक सुधार लाने कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक



**बीजापुर,7 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आश्रम-छात्रावासों की व्यवस्था में व्यापक सुधार लाने, बेहतर शिक्षा, गुणवत्तायुक्त भोजन नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सहित आश्रम-छात्रावासों की परिसर पर स्वच्छता हेतु जिले के सभी आश्रम-छात्रावासों के अधीक्षकों को दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं की व्यापक समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि नए शिक्षा सत्र में बच्चों को आश्रम-छात्रावास का माहौल रोचक लगे, सकारात्मक वातावरण निर्मित हो सके इसके लिए छोटी-छोटी मरम्मत, रंग-रोगन सहित कक्षाओं एवं परिसरों की नियमित साफ-सफाई बरसात के मौसम आने वाला है परिसर में पानी की समुचित निकासी हो, गंदे पानी का जमाव बिल्कुल न हो, झाड़ियों की सफाई सहित मध्यान्ह भोजन हेतु रसोई कक्ष की सफाई, रसोईयों की व्यक्तिगत स्वच्छता जिसमें एप्रेन, सिर पर टोपी पहनकर खाना बनाने, नाखून कटे हुए हो, मध्यान्ह भोजन बनाने में स्वच्छ पानी सहित स्वच्छता पर पूरी तरह अमल करते हुए मीनू के आधार पर गुणवत्तायुक्त पौष्टिक आहार बच्चों को मिले दाल की क्वालिटी में बढ़ोतरी करने सहित मीनू के आधार पर भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि उनके द्वारा लगातार निगरानी भी की जाएगी। कही भी भोजन की गुणवत्ता में कमी नही होने चाहिए। वहीं मीनू चार्ट को प्रमुखता से ऐसे जगह लगाए जिसे पालक एवं आम नागरिक आसानी से देख सके।

सभी भवनों में विद्युतीकरण एवं विद्युत कनेक्शन का तार अस्त-व्यस्त न हो, सभी विद्यालयों के कक्षाओं का नाम महापुरूषो के नाम पर नामकरण करने, छात्रा-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने, मच्छरदानी का उपयोग नियमित करने, निर्धारित तिथि में स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने, संस्थाओं की अनुपयोगी कबाड़ी समानों का स्थानीय स्तर पर अपलेखन करने, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों सहित सामान्य ज्ञान की तैयारियां कराने सहित बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए। स्कूल वेंडे वर्राट पडूंम स्कूल फिर से चले हम के तहत करीब 6 हजार चिन्हांकित शाला त्यागी, अप्रवेशी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निर्देश दिए।सभी कर्मचारियों को शासन के निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए। अधीक्षक सहित चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को आश्रम में रात को डयूटी में तैनात रहने के निर्देश दिए बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री केएस मशराम ने कलेक्टर श्री पाण्डेय को उनके दिए हुए निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए व्यवस्थाओं को सुधार लाने के लिए आश्वस्त किया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद सहित जिले भर के समस्त आश्रम-छात्रावासों के अधीक्षक एवं मंडल संयोजक उपस्थित थे।

# स्कूटी पर अवैध शराब ले जाते युवक गिरफ्तार



रायगढ़, 7 जून। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा अवैध शराब पर अंकुश लगाने के दिये निर्देशन पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल के नेतृत्व में कल शाम कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा अवैध शराब पर बड़ी कार्यवाही किया गया है। थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बिना नंबर एक काले रंग के होंडा स्कूटी में एक युवक भारी मात्रा में शराब रखकर लाखा से उर्दना की ओर जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल स्टाफ कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मेन पर लाखा डेम नहर के पास घेराबंदी कर संदेही युवक को पकड़ा गया।

संदेही अपना नाम देवब्रत प्रधान पिता व्योमेश प्रधान उम्र 18 वर्ष साकिन बेलादूला श्रीराम कालोनी रायगढए हाल मुकाम मोदीनगर बोईरदादर थाना चकधरनगर जिला रायगढ़ बताया जिसके रखे तीन बैग में 162 पाव ;180उसद्ध गोवा स्पेशल व्हिस्कीए 30 पाव पार्टी स्पेशल अंग्रेजी शराब कुल 34ण्560 ब्लक लीटर शराब कीमती 27ए360 मिला। युवक देवब्रत प्रधान द्वारा शराब परिवहन के संबंध में कोई समाधानकारक वाब और कागजात पेश नहीं कर पाने से कोतवाली पुलिस टीम द्वारा आरोपी देवब्रत प्रधान से अवैध शराब और एक बिना नंबर काला रंग होंडा एक्टिवा स्कूटी कीमती 90ए000 रुपए कुल 1ए17ए360 की अपराध में जप्ती कर आरोपित देवव्रत चैहान पर थाना कोतवाली में धारा 34;2द्धए59;कद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। शराब रेड कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक गौतम सिंह ठाकुर, आरक्षक उत्तम सारथी और मनोज पटनायक शामिल थे।

## एनईईटी परीक्षा में चयनित बच्चों से कलेक्टर ने की मुलाकात

**जगदलपुर 7 जून ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने ज्ञानगुड़ी केंद्र के एनईईटी में चयनित 64 में से 25 बच्चों से की मुलाकात। कलेक्टर ने हर्षित होकर चयनित बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ज्ञानगुड़ी केंद्र में एनईईटी परीक्षा के लिए एक माह का क्रेश कोर्स करवाया गया, प्रशासन का एक प्रयास था जिसका लाभ जिले के साथ-साथ अन्य जिलों के बच्चों ने ली और बेहतर तैयारी की। उन्होंने चयनित बच्चों को चिकित्सक बनकर वापस बस्तर क्षेत्र में सेवा देने की अपील की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा और जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे ने भी बधाई दी।

## सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक 12 जून को

**महासमुंद 7 जून ।** जिला पंचायत महासमुंद के सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक बुधवार 12 जून 2024 को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। सामान्य प्रशासन समिति की बैठक प्रातः 11:00 बजे से एवं सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12:00 बजे से होगी। बैठक में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। सर्व संबंधितों को बैठक में जानकारी के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ित 3 परिवारों के लिए12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर 7 जून ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 03 परिवारों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई



## नए विधायक कार्यालय में वित्त मंत्री ओपी ने सुनी आम जन की समस्याएं

**रायगढ़।** स्टेशन समीप बूढ़ी माई मंदिर जाने वाले मार्ग में स्थित नए विधायक कार्यालय में वित्त मंत्री एवम विधायक ओपी चैधरी ने आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। नए विधायक कार्यालय में विधान सभा के निवासियों से उनकी आत्मीय मुलाकात हुई। मुलाकात के दौरान उन्होंने आम जनता की बुनियादी समस्याओं से संबंध में संबधित आधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आम जनता से क्षेत्र के विकास हेतु मिले आवश्यक सुझावों को जल्द ही अमल में लाए जाने का आश्वासन देते हुए मंत्री श्री ओपी ने कहा आम जनता के सहयोग और मार्गदर्शन से हम विकसित रायगढ़ए विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के निर्माण में अग्रणीय भागीदारी निभाएंगे।

## प्रबंधन और उद्यम सीखेंगे आदिवासी युवा, मिलेगा प्रशिक्षण



**बीजापुर,7 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्थानीय आदिवासी युवाओं को उद्यमिता विकास से जोड़कर उनके आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने का अभिनव पहल करते हुए कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा 10 दिवसीय उद्यमशीलता प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार के अवसर की पहचान करना, व्यवसाय की योजना बनाना और उसके विकास का प्रबंध करना है। जिससे जिले के आदिवासी युवाओं को स्वरोजगार के अवसर सृजन होंगे। ऐसे युवा भविष्य में नौकरी तलाशने वाले न होकर नौकरी देने वाले होंगे। विभिन्न स्वरोजगार के कार्य हेतु आवश्यक प्रकिया, दस्तावेज ऋण सुविधा इत्यादि जिला प्रशासन द्वारा सुगमतापूर्वक मुहैया कराया जाएगा।जिले के ऐसे आदिवासी युवा जो स्वरोजगार के कार्य करने कि रूचि रखते हों ऐसे युवाओं को जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा 10 दिवसीय उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम में निःशुल्क रहवासी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। यह प्रशिक्षण आरसेटी बीजापुर में सम्पन्न होगा। जिसमें 04 दिवसीय प्रशिक्षण नेशनल इन्स्टीट्यूट फॉर माइको स्मॉल एण्ड मिडियम इन्टरप्राइजेस हैदराबाद में सम्पन्न होगा। जिले के युवा जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष है। वे 06 जून 2024 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर कक्ष क्रमांक डी-19 जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय बीजापुर में संपर्क कर सकते हैं। अथवा अधिक जानकारी के लिए गौरव पाण्डेय सहायक संचालक मो. नं. 9407641115 से संपर्क कर सकते हैं।

# जिले के अस्पतालों के आयुष्मान कार्ड का भुगतान प्रक्रियाधीन जल्द जारी होगी लंबित राशि

**रायगढ़,7 जून।** जिला रायगढ़ में आयुष्मान योजना के अंतर्गत पंजीकृत शासकीय एवं निजी अस्पतालों के द्वारा मरीजों का नियमित रूप से ईलाज किया जा रहा है। राज्य नोडल एजेंसीए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छण्गण् द्वारा प्रत्येक माह अस्पतालों के क्लेम का भुगतान पारदर्शिता पूर्वक किया जा रहा है। माह जनवरी 2024 से 31 मई 2024 तक शासकीय अस्पतालों के 11ए122 क्लेम के विरूद्ध 1 करोड़ 51 लाख रूण् तथा निजी अस्पतालों के 8ए942 क्लेम के विरूद्ध 22 करोड़ 64 लाख 56 हजार रूण् का भुगतान किया जा चुका है। अस्पतालों को पीएफएमएस पद्धति से अस्पतालों के एकाउंट में ऑनलाईन भुगतान की जाती है अर्थात क्लेम किये गये प्रकरणों का भुगतान उसी क्रम में किया जाता है जिस क्रम में क्लेम की स्वीकृति की जाती है। वर्तमान में जिला रायगढ़ के शासकीय अस्पतालों के 26 हजार क्लेम तथा निजी अस्पतालों के 9 हजार क्लेम की स्वीकृति एवं भुगतान प्रक्रियाधीन हैए जिसका नियमित रूप से भुगतान पीएफएमएस पद्धति द्वारा किया जायेगा। शासन के द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के क्लेम के भुगतान हेतु नियमित रूप से राशि विभाग को जारी की जा रही है ताकि समय पर भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जा सके। राज्य नोडल एजेंसी के द्वारा जिलों को निर्देशित किया गया है कि शासकीय एवं निजी अस्पतालों का नियमित रूप से भ्रमण किया जाये ताकि आयुष्मान कार्डधारी हितग्राहियों को योजना के अंतर्गत निरूशुल्क ईलाज मिल सके।

# मंत्री व पूर्व मंत्री के गृहग्राम में बिक रही अवैध शराब



रायगढ़। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर कल शहर मैं अवैध शराब पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई।कोतवाली पुलिस द्वारा स्कूटी पर शराब परिवहन कर रहे आरोपी से 192 पाव अंग्रेजी शराब की जप्ती की गई है। वहीं थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम नंदेली और बायंग में अवैध शराब विक्रय की सूचना पर कोतरारोड़ पुलिस द्वारा चार अलग.अलग ठिकानों पर शराब रेड कार्यवाही कर चार आरोपियों को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया है। आरोपियों से कुल 23 लीटर महुआ शराब ;2350द्ध एवं बिक्री रकम 1450 जप्त किया गया है। ज्ञात रहे कि ग्राम बायंग रायगढ़ विधायक व प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का गृहग्राम है। वहीं ग्राम नंदेली खरसियास विधायक व पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल का गृह ग्राम है जहां अवैध शराब बेचते हुए आरोपियों को कोतरारोड़ पुलिस ने पकडक़र आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में शराब रेड कार्रवाई में उप निरीक्षक जेण् एक्काए सहायक उप निरीक्षक कुसुम कैवर्तए प्रधान आरक्षक करुणेश राय, शंकर कालोए जय प्रकाश सूर्यवंशीए आरक्षक चन्द्रेश पाण्डेयए संजीव पटेलए मनोज जोल्हेए सतीश सिंहए संजय एक्का, प्रवीण राज और टिकेश्वर यादव शामिल थे।

## प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर,7 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अर्न्तगत तालाब में डुबने से मृत्यु के प्रकरण में मृतिका जिलो कोवासी के निकटतम वारिस उनके पिता श्री मेस्तेर कोवासी को 4 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह सर्पदंश से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतिका मासे पोटामी के निकटतम वारिस उनके भतीजा श्री रमेश कर्मा को 4 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है।

## दण्डाधिकारी जांच के लिए उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर,7 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 25 मई 2024 को थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कमकानार के मध्य जंगल में पुलिस-नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ जिसमें 02 अज्ञात महिला माओवादियों के शव तथा सिंगल शॉट 12 बोर बंदूक 01 नग, पिठ्टू बैग, 01 नग नक्सली वर्दी, जिलेटिन राड़, कार्डेक्स वायर, सेफ्टी वायर, नक्सल साहित्य, विस्फोटक पदार्थ, जैसे हत्यार, बरामद किया गया। उक्त संबंध में कोई भी किसी प्रकार की जानकारी रखते हो तो न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी बीजापुर मुख्यालय में 24 जून 2024 को उपस्थित होकर लिखित या मौखिक जानकारी साक्ष्य दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं।

# पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने रखा वट सावित्री का व्रत

रायगढ़,7 जून। सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को वट सावित्री की पूजा.अर्चना कर पति की लंबी उम्र और सुख शांति की कामना की। इस दौरान नव विवाहिताओं में वट सावित्री पूजन को लेकर खासा उत्साह देखा गया। इस दौरान वट वृक्ष को मौसमी फल अर्पित कर 108 परिक्रमा के साथ कच्चा सूत्र बांधने और पंखा से ठंडक पहुंचाने के बाद महिलाओं ने आस्था के साथ वट सावित्री कथा भी सुनी।

उल्लेखनीय है कि हिन्दू धर्म में वट सावित्री व्रत का एक अलग ही महत्व है। इसे ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को वट पूजा किया जाता है। इस दौरान सुहागन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए यह व्रत रखती हैं। कहा जाता है कि इस दिन सावित्री अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस लेकर आई थीं। जिसके बाद उन्हें सती सावित्री कहा जाने लगा। इस पर्व को लेकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से उल्लास के साथ महिलाओं को वट वृक्ष की पूजा.अर्चना करते देखा गया।वहीं पंडितों ने बताया कि ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि पर वट सावित्री पूजन करने की परंपरा युगों से चली आ रही है। ऐसे में इस बार अमावस्या तिथि 6जून को



था साथ ही इस बार वट सावित्री व्रत के दिन भगवान शनि जंयती भी थाए साथ ही गुरुवार का दिन भगवान विष्णु का दिन माना गया है। जिसके चलते इस बार का वट पूजा बेहद खास मना गया है। ऐसे में सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को निर्जला व्रत रखकर कर अपने पति की लंबी आयु के लिए वट वृक्ष की पूजा किया। इस दौरान शहर में गौरीशंकर मंदिरए बुजी भवनए निकले महादेव मंदिरए सहित अन्य दर्जनो मंदिर व गली.मोहल्लों में वट वृक्षों में महिलाओं ने वट सावित्री का निर्जला व्रत कर वट वृक्ष में रोली बांधकर विधि.विधान से पूजा.अर्चन कर यमराज से पति की लंबी आयु की मांग की है।

### महिलाओं में रहा उत्साह

वट सावित्री व्रत को लेकर सुहागिन महिलाओं में खासा उत्साह रहा। इस दौरान महिलाओं ने तपती धूप में दोपहर तक पूजा.अर्चना किया। साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर भी गुंजयमान रहा। वट सावित्री पूजा के बाद सुहागिनो महिलाओं ने सुहाग के रक्षा के लिए सुहाग का सामान आदान प्रदान करते हुए उज्वल भविष्य व परिवार में सुख शांति के लिए कामना की। इसके आलावा महिलाएं अपनी सुहाग की दीर्धायु हेतु निर्जला व्रत रखकर वट सावित्री की पूजा कर सती सावित्री से सदा सुहागन होने का आशीर्वाद मांगा।

### क्या है मान्यता

इस संबंध में मान्यता है कि वट ;बरगदद्ध वृक्ष के नीचे सावित्री ने अपने मृत पति के शरीर को रखकर यमराज के पीछे.पीछे चली गई थीं। सावित्री के संकल्प से प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान दिया जिससे सावित्री के पति सत्यवान को पुर्नजीवन मिला। इसी मान्यता के चलते सुहागिन महिलाएं अखंड सुहाग की कामना के लिए ज्येष्ठ अमावश्या के दिन वट वृक्ष और यमराज की पूजा करती हैं।

### बरगद के पेड़ का विशेष महत्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बरगद के पेड़ में हिंदू पौराणिक कथाओं के त्रिदेव ब्रह्माए विष्णु और महेश विद्यमान हैं। पेड़ की जड़ें ब्रह्मा का प्रतिनिधित्व करती हैं। वट वृक्ष का तना विष्णु का प्रतिनिधित्व करता है और भगवान शिव बरगद के पेड़ के ऊपरी हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस पवित्र पेड़ के नीचे पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जिस तरह सावित्री ने अपने समर्पण से अपने पति सत्यवान को यमराज से वापस लाई थींए उसी तरह इस शुभ व्रत को रखने वाली विवाहित महिलाओं को एक सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्राप्त होता हैए इसी मान्यता को लेकर हर साल जेष्ठ कृष्णपक्ष के अमावश्या को वट पूजा की जाती है।

# मदिरा दुकानों के अहातों के व्यवस्थापन के लिए ऑनलाइन निविदा 9 जून तक

**महासमुंद 7 जून ।** आबकारी विभाग द्वारा जिले में संचालित विदेशी मदिरा दुकान एकता चौक महासमुंद, बसना तथा गढ़फुलझर कुल 3 विदेशी मदिरा दुकानों के अहातों के ऑनलाइन निविदा पद्धति से व्यवस्थापन हेतु निविदा सूचना जारी की गई है।

ऑनलाइन निविदा 09 जून 2024 तक आमंत्रित की गई है। ऑनलाइन प्राप्त निविदाओं में से अनुज्ञप्तिधारियों का चयन जिला पंचायत के सभाकक्ष में 12 जून 2024 को प्रातः 11ः बजे किया जाएगा। चयन प्रक्रिया के दौरान निविदाताओं को निविदा की प्राप्ति अभिस्वीकृति के साथ उपस्थित होने कहा है।

# दो वर्ष में भी कार्य नहीं हुआ पूरा, गड्ढों से नागरिक परेशान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 7 जून।** नगरीय प्रशासन विभाग के सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण में भारी घोटाला ठेकेदार के भुगतान पर रोक लगाने तथा राज्य आर्थिक अपराध शाखा से जांच एवं कार्यवाही मांग की।

छग शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगर के कचरायुक्त गंदा पानी की निकासी के उद्देश्य से शिवनाथ नदी के नजदीक सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी अनुमानित लागत 1088.35 लाख रुपये है उक्त निर्माण कार्य के अंतर्गत 2.8 एमएलजी सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापना कार्य एवं आरआरसी एनपी 3 पाईप लाईन कार्य तथा मुख्य पम्पिंग स्टेशन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसका कार्य आरंभ की 4 फरवरी 22 सयमावधि 15 माह वर्षा ऋतु सहित कार्यावधि में पूर्ण किया जाना था। किन्तु आज दो वर्ष बाद भी कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है। जिससे कि नगर में जगह जगह खुदाई एवं गड्ढे होने के कारण नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त निर्माण कार्य मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिमगा के देखरेख में चल रहा है।

किन्तु भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी के चलते मेसर्स आर पीजी इन्फ्रास्ट्रेक्चर जगदलपुर द्वारा निर्धारित मांप दण्ड के विपरीत गुणवत्ताहीन निम्नस्तरीय बैखोफ सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। नगर के कांक्रीट आम रोड को जेसीबी मशीन से तोड़कर न्यूनतम मोटाई एवं कम गेज का गंदा पानी निकासी हेतु सीमेंट पाईप डाला जा रहा है। जिससे नगर का गंदा पानी एवं कचरा शिवनाथ नदी स्थित सिवरेज प्लांट तक जाना संभव नहीं दिखाई पड़ रहा है। कम मोटाई के सकरी एवं घटिया पाईप के बीच गंदा पानी तथा कचरा फंसने की प्रबल संभावना है।

जिससे कि सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापना पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग के उच्च एवं स्थानीय स्तर पर तगड़ा कमीशन खोरी एवं भ्रष्टाचार के चलते आंख बंद कर मूल्यांकन बिलिंग कर फर्म को भुगतान किया जा रहा है। रसूखदार संबंधित फर्म एवं उच्चाअधिकारियों द्वारा धन लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से जानबूझकर शासन को लाखों रुपये राजस्व की क्षति पहुंचाई जा रही है।

नागरिकों ने अरूण साव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री छ. ग शासन महानिरीक्षक राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो रायपुर एवं सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर से फर्म के भुगतान पर रोक लगाने रोक लगाने तथा जांच एवं कार्यवाही की मांग की है।

## एक नजर

### 10 लीटर महुआ शराब व 60 किलो लहान के साथ महिला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 7 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर के.एल चौहान के निर्देश पर जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में 4 जून 2024 को गस्त के दौरान कसडोल क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम दलदली में आबकारी विभाग की टीम द्वारा की गई कार्यवाही में 10 बल्क लीटर महुआ शराब एवं 60 कि.ग्राम. महुआ लाहन आरोपी से जप्त कर आबकारी कब्जे में लिया है। आरोपी महेश्वरी बरिहा पति शशिभूषण ग्राम दलदली चौकी बया थाना कसडोल के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2), 59 (क) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। उक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मोतिन बंजारे, आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, नगर सैनिक दुर्गेशवरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बिजली कर्मचारी संघ महासंघ ने चलाया सदस्यता अभियान

**कोरबा, 7 जून।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ कोरबा वृत्त के सचिव एवं प्रदेश मंत्री यशवंत राठौर के नेतृत्व में प्रतिनिधियों द्वारा कोरबा जिले के सभी संभाग, उपसंभाग एवं वितरण केंद्रों में प्रवास कर सघन सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत बरपाली, सोहागपुर, रामपुर, करतला, भैसमा, कोरबा उपसंभाग, रजगामार, बालको, दर्री ग्रामीण एवं जोन, पाली, चैतमा, बांगो, तुलसी नगर, पाड़ीमार तथा उपसंभाग एवं संभागीय कार्यालय कटघोरा में दौरा कर सभी नियमित एवं अनियमित रूप से कार्य करने वाले बिजली कर्मियों को महासंघ के संगठनात्मक स्वरूप से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक संख्या में जुडने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इससे प्रभावित होकर अब तक लगभग 100 लोगों ने सदस्यता ग्रहण की है।कोरबा वृत्त से प्रतिनिधियों में सत्यप्रकाश गांधी गुप्ता, भुवनेश्वर साहू, अजय मिश्रा, सुनीता जायसवाल, गजेन्द्र कौशिक, सतीश साहू, देवानंद बढ़ई, छत्रपाल सिंह, मनीष सिंह, नरोत्तम धारी, संजय पटेल, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, राघवेन्द्र साहू, शरद पटेल एवं संतोष साहू के द्वारा सदस्यता अभियान लगातार चलाया जा रहा हैं।

### शिकारी-केसली, भंवरगढ़ एवं गोरदी स्थित मंदिरों व भगवान की मूर्ति में तोड़फोड़ करने वालों पर कार्रवाई

# 2 अपचारी बालक सहित 10 गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 7 जून।** 24 मई को सूचना मिली कि थाना सुहेला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिकारी-केसली में जमनैया नाला के पास स्थित हनुमान मंदिर में रखी भगवान हनुमान की मूर्ति को किसी असमाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ कर दिया गया है। साथ ही ग्राम के शिव मंदिर के शिवलिंग को भी उखाड़ दिया गया है तथा तालाब के पास स्थित शिव मंदिर के कलश को तोड़ दिया गया है एवं शनि मंदिर की घंटी को भी फेंक दिया गया है। ठीक इसी प्रकार थाना हथबंद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भंवरगढ़ एवं गोरदी में भी स्थित मंदिर एवं शिवलिंग आदि प्रतिमाओं को भी किसी अज्ञात आरोपियों द्वारा तोड़फोड़ कर दिया गया है। रिपोर्ट पर थाना सुहेला में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र. 136/2024 धारा 295 भादवि एवं थाना हथबंद में अपराध क्र. 115/2024 धारा 295 भादवि पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। प्रकरण में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुहेला थाना प्रभारी हथबंद के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का निर्माण कर मंदिरों में तोड़फोड़ करने आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाना प्रारंभ किया गया। साथ ही पुलिस टीम द्वारा मुखबिरों के माध्यम से अज्ञात आरोपियों के संबंध में पता तलाश किया जा रहा था। इसके साथ ही साइबर सेल की टेक्निकल टीम द्वारा भी अज्ञात आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा था।

कि इस बीच पुलिस टीम को सिनोधा निवासी एक आरोपी के संबंध में पता चला, जो की मंदिर में तोड़फोड़ की घटना में शामिल था। पुलिस टीम द्वारा इस आरोपी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया, जिसमें इसके द्वारा अपने अन्य 09 साथियों के साथ जिसमें 02 अपचारी बालक भी शामिल है, मिलकर एक साथ मोटरसाइकिल के माध्यम से ग्राम शिकारी-केसली, भंवरगढ़ एवं गोरदी जाकर वहां स्थित मंदिरों एवं भगवान की मूर्तियों में तोड़फोड़ करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।



### आरोपियों के नाम

1. गौतम भारती पिता रामखिलावन भारती उम्र 19 साल निवासी ग्राम सिनोधा थाना हथबंद
2. नितिल नवरंगे पिता सुरेंद्र उम्र 18 साल निवासी ग्राम सिनोधा थाना हथबंद
3. लाकेश बंजारे पिता शंकर बंजारे उम्र 18 साल निवासी ग्राम सिनोधा थाना हथबंद
4. दौलत ओग्रे पिता दारा ओग्रे उम्र 18 साल निवासी ग्राम सिनोधा थाना हथबंद
5. राहुल भारती पिता मायाराम भारती उम्र 19 साल निवासी ग्राम सिनोधा थाना हथबंद
6. कौशल कुर्रे पिता मनीराम कुर्रे उम्र 18 साल निवासी ग्राम सिनोधा थाना हथबंद
7. सत्य प्रकाश पिता भगवत प्रसाद भारती उम्र 20 सालनिवासी ग्राम सिनोधा थाना हथबंद
8. धनराज बघेल पिता बाबूराम बघेल उम्र 19 साल निवासी ग्राम सिनोधा थाना हथबंद
9. अपचारी बालक- 02

### एबीवीटीपीएस मड़वा में विश्व पर्यावरण दिवस पर विविध प्रजाति के पौधे रोपे गए

# पर्यावरण संरक्षण के लिए तापमान नियंत्रण जरूरी: बंजारा

**कोरबा-जांजगीर 7 जून।** दुनियाभर के वैज्ञानिकों ने रिसर्च में पाया है कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है। मानव के साथ पेड़-पौधों और जीव जंतुओं को एक निश्चित तापमान की आवश्यकता होती है। यह बातें कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कही। श्री बंजारा ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि धरती के पर्यावास को सुरक्षित रखने के लिए बढ़ते तापमान को नियंत्रित करना जरूरी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि धरती को मरूस्थल बनने से रोकें और पर्यावरण सुधार के लिए आवश्यक पहल करें।

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 से 11 तक सप्ताहभर विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। बुधवार को प्रशासनिक कार्यालय भवन परिसर में कार्यक्रम के अध्यक्ष एसके बंजारा, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव, एसडी द्विवेदी, आरके साव, एन. लकरा एवं अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह में बहेराडीह किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने पेड़-पौधे लगाने के साथ ही उनकी नियमित देखभाल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास सतही न होकर जमीनी स्तर का होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने किसान स्कूल में पर्यावास संरक्षण के साथ राखड़ का खेती-किसानी पर किए जा रहे नवाचार के विषय में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन करते हुए सहायक प्रबंधक (पर्यावरण) संजय झा ने चलचित्र के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। श्री झा ने बताया किविश्व पर्यावरण दिवस के लिए इस वर्ष 2024 की थीम- ''भूमि का पुर्नोद्धार मरूस्थलीकरण व सूखे से निपटने की शक्ति '' है। इसके साथ ही नारा -''हमारी भूमि हमारा भविष्य, हम पुर्नोद्धार की पीढ़ी है''। इन्हीं विषयों पर अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक एवं आवासीय परिसर के बच्चों के लिए नारा, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न जगहों पर सफाई, नुक्कड़ नाटक, व्याख्यान एवं चलचित्र का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर परविभिन्न वृत्तों के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी एवं श्रमिकों की सहभागिता रही।




## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने सफलतापूर्वक निर्वाचन पर अधिकारी-कर्मचारी मीडिया प्रतिनिधियों सहित सभी वर्गो के प्रति जताया आभार



**बलौदाबाजार, 7 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न होने पर अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधियों सहित अन्य सभी वर्गो के प्रति अपना आभार जताया। उन्होने कहा की लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो गई लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्य में जिले के समस्त शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन भली भांति एवं पूरी निष्पक्षता के साथ सफलतापूर्वक सम्पादित किया गया। जिले के इलेक्ट्रानिक/प्रिंट मीडिया, स्थानीय जन प्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों के द्वारा भी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान सकारात्मक सहयोग प्रदान किया गया। इलेक्ट्रानिक / प्रिंट मीडिया के द्वारा भी मतदाता को जागरूक करने, सूचनाओं को त्वरित जनमानस तक पहुंचाने, अफवाहों से बचाने एवं निष्पक्ष मतदान में भाग लेने हेतु प्रेरित करने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया। इसके साथ ही महिला अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा चुनाव प्रक्रिया में भाग लेते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन बड़े उत्साह से किया गया। विशेषकर संगवारी मतदान दल में शामिल महिला कर्मचारियों का प्रयास अत्यधिक सराहनीय रहा, जिनकी जितनी भी प्रशंसा की जावे, वह कम है। वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, व्यय लेखा टीम काल सेंटर, मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मानिटरिंग कमेटी, उड़नदस्ता, स्थैतिक निगरानी दल, मतदान दलों के द्वारा भी अपने दायित्वों का निर्वहन जिस तत्परता से किया गया, वह भी सराहनीय है। स्वीप के तहत जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान प्रशंसनीय रहा, जिसमें विद्यालय/महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, महिला स्व सहायता समूह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से हमें इसमें सफलता मिली। अभियान के दौरान हमने एतिहासिक 5 गोल्डन बुक आफरिकार्डस भी बनाये, जो आप सभी के सामूहिक प्रयास एवं मेहनत का नतीजा है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर 25 हजार पौधे लगाने के अभियान की शुरुआत




**कोरबा, 7 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सरकारी संगठनों के अलावा सामाजिक संस्थाओं ने भी आगे आकर पर्यावरण की रक्षा को लेकर जिम्मेदारी ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पर्यावरण गतिविधि विभाग ने इस मौके पर पौधारोपण अभियान की शुरुआत की। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 15 ढोढ़ीपारा स्थित काली मंदिर क्षेत्र में इसका औपचारिक शुभारंभ किया गया। प्रारंभिक क्रम में आयोजकों के द्वारा यहां सीमित पौधे रोपे गए। क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति में पर्यावरण के महत्व पर चर्चा हुई। लोगों को जागरूक किया गया कि देश और दुनिया में बन रहे पर्यावरण असंतुलन के हालात आने वाले भविष्य के लिए चेतावनी है इसलिए हम सभी को बढ़-चढकर अपने आसपास के पर्यावरण की सुरक्षा करनी होगी। इस काम को करने के लिए अधिक से अधिक पौधों का रोपण जरूरी है ताकि वे आने वाले समय में वृक्ष बनकर अपनी भूमिका निभाए। एसडीओ फारेस्ट के साथ-साथ पर्यावरण गतिविधि प्रमुख सेना के पूर्व कैप्टन मुकेश अधलखा ने पर्यावरण से संबंधित विषय पर सारगर्भित विचार रखे। पर्यावरण के समक्ष बनी हुई चुनौतियों के प्रति लोगों को सचेत किया और उनकी जिम्मेदारी बताई। बताया गया कि आज विशेष दिन पर अभियान की शुरुआत की जा रही है। मानसून के सक्रिय होने के साथ अलग-अलग स्तर पर लोगों को जोडकर ये पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे और उनका रोपण कराया जाएगा। छायादार, फलदार और औषधि महत्व के पौधों पर हम विशेष ध्यान दे रहे हैं। ये पौधे हर दृष्टिकोण से उपयुक्त है और कुल मिलाकर मानव जाति का कल्याण करेंगे। उपस्थित लोगों ने अभियान की महत्ता स्वीकार किया और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने की शपथ ली। इन सभी को पौधे स्मृति के तौर पर दिए गए। कार्यक्रम में कृष्णा प्रसाद सोनी, कैलाश नाहक, पूर्व पार्षद लक्ष्मण श्रीवास सहित क्षेत्र के जागरूक लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### शुष्क दिवस पर शराब बिक्री की सूचना मिली पुलिस ने की बार संचालक पर कार्रवाई

**कोरबा, 7 जून।** लोकसभा निर्वाचन 2024 मतगणना दिनांक 04 जून 2024 को कलेक्टर कोरबा द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया गया था। उक्त दिवस को एफएल-3 होटल बार रितुराज जमनीपाली में षराब बिक्री करने की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अजीत वसंत एवं श्री सौरभ बख्शी सहायक आयुक्त आबकारी कोरबा के निर्देशन में आबकारी/पुलिस विभाग द्वारा आकस्मिक दबिश देने पर शिकायत सही पाए जाने पर एफएल-3 होटल बार रितुराज के विरूद्ध विभागीय प्रकरण दर्ज कर आरोप पत्र दिया गया है।

### विश्व पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया

# पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर लोगों को बांटे गए फलों के पौधे

**कोरबा, 7 जून।** पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर कोरबा में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। वन विभाग के साथ ही छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के द्वारा सुभाष चैक पर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक किया गया। इसके साथ ही लोगों के बीच फलदार पौधों का वितरण भी किया गया। पूरे भारत देश में जिस तरह से भीषण गर्मी पड़ रहा है,उसका सबसे बड़ा कारण पर्यावरण का असंतुलित होना है। विकास के नाम पर जिस तरह से पेड़ों की आंधाधुंध कटाई की है उसका बुरा परिणाम भीषण गर्मी,बाढ़ और असहनिय ठंड के रुप में सामने आ रहा है। यही वजह है,कि पांच जून यानी बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर लोगों को जागरुक करने कोरबा में दिन विशेष को धूमधाम से मनाया गया। वन विभाग और छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के द्वारा सुभाष चैक पर बैनर पोस्टर के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया गया। इस मौके पर वन विभाग के अधिकारियों ने बताया,कि इस साल पर्यावरण दिवस के मौके पर बढ़ते हुए मरुस्थलीय क्षेत्र को कम करने की थीम पर काम किया जा रहा है। विभाग का प्रयास है,कि आने वाले समय में अधिक से अधिक पौधों का रोपण किया जाए,जिसके लिए लोगों के मध्य फलदार पौधों का विरतरण भी किया गया।




### जिला पंचायत सीईओ ने किया पौधरोपण

**कोरबा, 7 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा ने जिला पंचायत कोरबा के पंचायत संसाधन केंद्र में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने जैव संरक्षण एवं पर्यावरण प्रबंधन हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर लेखाधिकारी निशांत पाण्डेय, उपसंचालक पंचायत सुश्री जूली तिर्की सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया पौधरोपण

**कोरबा, 7 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति लोगों में जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा अनेक स्थानों में पौध रोपण किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा विकासखण्ड पोडी उपरोड़ा के स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय सिंघियाँ में पौध रोपण किया गया। साथ ही पशु चिकित्सा विभाग द्वारा अपने सभी शासकीय संस्थाओं में फलदार एवं छायादार पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

### दुर्ग खालसा पब्लिक स्कूल में 8 व 9 जून को लगेगा पंडित विनोद दुबे का निशुल्क दरबार

**कोरबा, 7 जून।** पंडित विनोद दुबे जी का निशुल्क दरबार दिनांक 8 जून 2024 शनिवार एवं 9 जून 2024 रविवार को खालसा पब्लिक स्कूल, मालवीय नगर चैक, आर.टी.ओ.ऑफिस के सामने प्रातः 10 बजे से लगेगा। इस विषय मे कोरबा शिष्य परिवार के डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने बताया की इस निशुल्क दरबार में गुरुदेव पंडित विनोद कुमार दुबे जी द्वारा महालक्ष्मी माता का दिव्य पूजन किया जायेगा जिससे अक्षय धन संपदा का भंडार व्यक्ती के जीवन मे बना रहे। इस पूजन को कोई भी व्यक्ति निशुल्क गुरूजी के सानिध्य में कर सकता है। साथ ही इस पूजन में प्रयोग की जाने वाली सामाग्री भी गुरुजी द्वारा निशुल्क प्रदान की जायेगी। साथ ही उन्हें सदा आरोग्यता प्रदान करने वाला आरोग्य यंत्र भी निशुल्क प्रदान किया जायेगा। पूजन अर्चन के पश्चात निशुल्क दरबार लगेगा जिसमें गुरुजी पंडित विनोद कुमार दुबे जी सिर्फ आवाज सुनकर व्यक्ती के भूत भविष्य वर्तमान तीनों के बारे मे बताकर संबंधित समस्या का समाधान भी बतायेंगे। कोरबा शिष्य परिवार के डॉ.नागेन्द्र शर्मा ने कोरबा शिष्य परिवार सहित अंचलवासीयों से अधिकसे अधिक संख्या मे उपस्थित होकर पंडित विनोद कुमार दुबे जी के इस विशेष निशुल्क दरबार का लाभ उठाने हेतु अपील की है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.)**

क्रमांक /1723 /अ.वि.अ./वा.-01/2024
कुरूद, दिनांक 31/05/2024

**//सूचना//**

प्रति,

1. कार्तिकराम पिता ठाकुर राम निवासी ग्राम-सिलौटी, तहसील-भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.)
2. भानसिंग पिता भागीराम साहू निवासी ग्राम-खपरी, तहसील-भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.)

**विषयः- न्यायालय में उपस्थित होने बाबत्।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस न्यायालय के अपील राजस्व प्रकरण क्रमांक 202303130500043/अ-6/2022-23 में अपीलार्थी सदाराम पिता पीसूराम साहू विरूद्ध कार्तिक राम पिता ठाकुर राम एवं अन्य 01 काश्तग्राम-खपरी, तहसील-भखारा, जिला-धमतरी स्थित वादभूमि ख. नं. 49/2, 63/2, 84/3, 85/3, 155/2 रकबा क्रमशः 0.053, 0.053, 0.06, 0.65, 1.25 हे. के निराकरण के सम्बन्ध में आपकी उपस्थिति नहीं हो पा रही है। जिसके कारण प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित है। समाचार पत्र के माध्यम से आपकी उपस्थिति हेतु सूचना जारी किया जा रहा है, इस सूचना के बावजूद भी उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए आप स्वतः जवाबदार रहेंगे।

अतः आप पेशी दिनांक 11/06/2024 को दोपहर 2.00 बजे इस न्यायालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

मुहर

**अनुविभानिय अधिकारी (रा.)**
**कुरूद जिला धमतरी**

## एक नजर

### भैंस तस्करों की पिटाई, दो की मौत

**रायपुर 7 जून।** आरंग में भैंसों को ट्रक में भरकर ओडिशा बाजार बेचने ले जाते हुए तस्करी की आशंका के चलते दो लोगों की हत्या कर दी गई है। अन्य दो ने बचने के लिए महानदी में छलांग लगा दी एक की मौके पर मौत हो गई है। वहीं दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तीसरे का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। मृतकों के नाम चांद मिया और गुड्डू खान है। घायल सद्दाम खान का इलाज जारी है। अन्य आरोपी फरार हो गए है। आरंग थाना पुलिस से मिली जानकारी जानकारी के अनुसार घटना रात लगभग 3 बजे की है। ट्रक में भैंस का परिवहन किया जा रहा था। इस दौरान कुछ लोगों ने ट्रक को रोका और ड्राइवर सहित दो अन्य की पिटाई कर दी। इस दौरान आशंका जताई जा रही है कि ड्राइवर और उसके साथी ने खुद के बचाव के लिए खाली नदी में कूद गए।

### युवक से नकदी सहित मोबाइल की लूट

**रायपुर, 7 जून ।** गणेश नगर वीआईपी क्लब के पास अज्ञात तीन युवकों ने ई-बाइक में सवार पिज्जा डिलवरी व उसके दोस्त का रास्ता रोककर ई-बाइक, दो नग मोबाइल और नकदी 1700 रुपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोहन चेलक 23 वर्ष ग्राम धनसुली का रहने वाला है। प्रार्थी पिज्जा डिलवरी का काम करता है। बताया जाता है कि प्रार्थी कल रात अपनी ई-बाइक में अपने दोस्त के साथ कहीं जा रहा था, तभी गणेशनगर वीआईपी क्लब के पास अज्ञात तीन युवकों ने प्रार्थी का रास्ता रोककर डरा धमका कर ई-बाइक, दो मोबाइल और नकदी 1700 रुपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 392,34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक पर चाकू से हमला कर लूटपाट

**रायपुर, 7 जून।** न्यू राजेन्द्र नगर विजेता कॉम्पलेक्स के पास तीन युवकों ने चाकू से हमला कर एक्टिवा सवार दो युवकों से चांदी का चेन, आईफोन व नकदी 11900 रुपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लूट का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सूजल रूपरेला 18 वर्ष कृष्णा अपार्टमेंट पुरानी बस्ती का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने दोस्त दिव्यांश के साथ एक्टिवा में सवार होकर जा रहा था, तभी विजेता कॉम्पलेक्स के पास आरोपी अजय जाल, भरत साहू एवं राज परिहार सभी निवासी शहीद राजीव पाण्डेय नगर राजेन्द्र नगर ने प्रार्थी का रास्ता रोककर उसके दोस्त पर चाकू से हमला कर प्रार्थी व उसके दोस्त से चांदी का चेन, आईफोन व नकदी 11900 रुपए लूटकर फरार हो गए। प्रार्थी की शिकायत पर न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लूट का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शोरूम के पास खड़ी ई-रिक्शा पार

**रायपुर, 7 जून।** वंदना शोरूम के पास खड़ी ई-रिक्शा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बबलू जगत 35 वर्ष संतोषीनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 04 पीए 8979 को वंदना शोरूम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए रिक्शा की कीमत करीब 1 लाख 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 7 जून ।** जोरापारा तालाब के पास पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से मारपीट कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनीष कुमार यादव 24 वर्ष जोरापारा रायपुरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी बजरंग मानिकपुरी ने जोरापारा तालाब के पास प्रार्थी से गाली-गलौज कर किसी वस्तु से मारकर चोट पहुंचाया7 प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294,323,506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 8 गिरफ्तार

**रायपुर, 7 जून ।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सीबू यादव 22 वर्ष, तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी राहुल नायक 22 वर्ष, मुकेश साहू 22 वर्ष, आसूदेव 34 वर्ष व साहिद खान 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी शंकर लाल गुप्ता 34 वर्ष व रमेश सोनी 63 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने आरोपी सुधीर बाग 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### कर्मचारियों को सातवें वेतनमान की अंतिम किश्त की राशि के भुगतान की स्वीकृति

**रायपुर 7 जून।** राज्य शासन के वित्त विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने राज्य के शासकीय सेवकों के अनुरूप निगम, मंडल , आयोग, अर्धशासकीय एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं के कर्मचारियों को माह फरवरी 2018 से जून 2018 तक की अवधि के एरियर राशि के भुगतान किए जाने की स्वीकृति दे दी है।

# छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारियों की बदलेगी जिम्मेदारी

## अमित अग्रवाल, गौरव द्विवेदी व विकासशील देख रहे हैं प्रमुख विभाग

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 7 जून।** केंद्र में नई सरकार बनते ही अब छत्तीसगढ़ कैडर के नई दिल्ली में पदस्थ आईएएस अधिकारियों का भविष्य भी दांव पर लग गया है।

मिली जानकारी के अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर में पदस्थ किए जाते हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री कार्यालय में अमित अग्रवाल कार्यरत हैं जो कि पिछले 10 वर्षों से कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय में कार्य करने के कारण उनकी सेवा अवधि में वृद्धि स्वमेव हो जाती है। लंबे अरसे से वे कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री के डिजिटलाइजेशन सहित अन्य प्रमुख कार्यो को देख रहे हैं। अमित अग्रवाल छत्तीसगढ़ में वित्त सचिव के रूप में कार्य कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने के पश्चात मुकेश बंसल, ऋचा शर्मा, सोनमणि बोरा एवं सेन मैडम वापस छत्तीसगढ़ आ चुके हैं। उन्हें ज्वाइनिंग भी दे दी गई है। छत्तीसगढ़ में चालू वित्त वर्ष में कई अधिकारी रिटायर हो जाएंगे जिसके चलते आईएएस अधिकारियों का टोटा हो जाएगा। वर्तमान में कई आईएएस अधिकारी दो से अधिक विभागों के प्रभार पर हैं। आईपीएस अमरेश मिश्रा व राहुल भगत वापस छत्तीसगढ़ आ गए हैं। उनकी नई पदस्थापना कर दी गई है।

भारत शासन के विभिन्न विभागों में अन्य अधिकारी भी कार्यरत हैं जो मूल रूप से छत्तीसगढ़ कैडर के हैं। इनमें से विकासशील स्वास्थ्य विभाग में तथा उनकी पत्नी निधि छिब्बर रक्षा विभाग में पदस्थ हैं। वहीं गौरव द्विवेदी प्रसार भारती में महत्वपूर्ण विभाग देख रहे हैं। उनकी पत्नी परविंदर कौर द्विवेदी केंद्र शासन के एक महत्वपूर्ण विभाग में कार्यरत हैं। रोहित यादव जो कि पेशे से डॉक्टर हैं लेकिन आईएएस अधिकारी हैं। वे भी दिल्ली में पदस्थ हैं। नई सरकार बनने के बाद वे मंत्री स्टाफ में जाने के लिए प्रयासरत हैं। डॉ. रोहित यादव कानपुर से एमबीबीएस, एमडी पास हैं। उनकी पत्नी को अब छत्तीसगढ़ में पदस्थ कर दिया गया है। नई सरकार आने के बाद छत्तीसगढ़ कैडर के अधिकारी कितने दिन दिल्ली में टिकेंगे यह तो वक्त ही बताएगा। लेकिन अवकाश ग्रहण करने के 6 माह पूर्व उन्हें छत्तीसगढ़ वापस अनिवार्य रूप से आना पड़ेगा। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के आवास आयुक्त के पद पर नई पदस्थापना की जानी है। इसके लिए भी आईएएस अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। दिल्ली में रहने के लिए उन्हें शासकीय आवास सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती है। दिल्ली में बेहतर शिक्षा सुविधा एवं अन्य विशेष सुविधाएं होने के कारण आईएएस अधिकारी दिल्ली में ही रहना चाहते हैं।

# शिक्षा अधिकारी के संरक्षण में चल रहे है गैर मान्यता वाले स्कूल



**रायपुर 7 जून।** राजधानी रायपुर में एनएसयूई के द्वारा लगातार फर्जी और गैर मान्यता वाले स्कूलों में तालाबंदी अभियान चलाया जा रहा है पहले चैतन्य टेक्नो स्कूल के दो ब्रांचो में तालाबंदी किया गया अब प्रदेश के सबसे बड़े स्कूल समूह कृष्णा पब्लिक स्कूल के गैर मान्यता वाले स्कूलों में भी तालाबंदी किया जा रहा है आज रायपुर के न्यू राजेंद्र नगर में संचलित केपीएस किड्स एकादमी जो की कृष्णा पब्लिक स्कूल डुंडा की शाखा बताया गया जहा पर ढाई सौ से ज्यादा छात्र अध्ययनरत है,इस स्कूल में पालको से मोटी फीस की वसूली की जा रही है जबकि कलेक्टर द्वारा निर्धारित फीस नियामक का पालन नही किया जा रहा है और न ही इस स्कूल को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मान्यता दी गयी है,इस स्कूल में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनयम के तहत एक भी बच्चे का प्रवेश नहीं दिया गया है.

एनएसयूई के प्रदेश सचिव कुनाल दुबे,प्रदेश महामंत्री हेमंत पाल सहित एनएसयूई की टीम केपीएस स्कूल संचालक से बात करने पहुची तो इस फर्जी स्कूल के डायरेक्टर आशुतोष त्रिपाठी ने बात करने से मना कर दिया और अपने स्टाफ से कह कर पुलिस बल बुलवा लिया,प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता विकास तिवारी ने जब थानेदार को शिक्षा विभाग के नियमो के समझाया तो वह भी हक्के बक्के रह गये और पुलिस द्वारा भी स्कूल संचालको को बिना मान्यता लिये स्कूल बंद करने को कहा गया.एनएसयूई जब जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल से बात किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया और बात भी नहीं किया जिसके बाद एनएसयूई के टीम ने जिला शिक्षा कार्यालय में धरना शुरू कर दिया,जिला शिक्षा अधिकारी की ही मिली भगत से राजधानी रायपुर में सैकड़ो फर्जी स्कूलों चल रहे है जहा हजारो बच्चे पढ़ रहे है उनके भविष्य के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी अवैध वसूली के कारण खिलवाड़ कर रहे है.एनएसयूई की टीम कल जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात करने जायेगे और इन गैर मान्यता वाले स्कूलों पर कड़ी कार्यवाही की मांग करेंगे.आज के प्रदर्शन में एनएसयूई के सचिव कुणाल दुबे,प्रदेश महामंत्री हेमंत पाल,अभिषेक दुबे,तनिष्क मिश्रा,अवि बंधे,कृष्ण मंग्तानी,प्रियंश सिखिया,आदर्श राव,प्रशांत ठाकुर, आलेख शर्मा, रौनक उपस्थित थे।

# लोकसभा अभ्यर्थियों को देना होगा खर्च का ब्यौरा

■ खर्च की जांच होगी सीईओ कार्यालय में

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 7 जून।** लोकसभा के प्रत्याशियों को भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अपने चुनावी खर्च का ब्यौरा देना होगा। यदि वे निर्धारित अवधि में खर्च का ब्यौरा नहीं देंगे तो उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

कार्यालय के अनुसार छत्तीसगढ़ में लोकसभा की 11 सीटें हैं। रायपुर लोकसभा से सबसे ज्यादा प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई है। सबसे कम प्रत्याशी बस्तर में थे। अधिकारियों के अनुसार अभ्यर्थियों को 35 दिनों के अंदर जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपने खर्च का ब्यौरा देना होगा। इसके लिए आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र बनाया गया है। सीईओ कार्यालय द्वारा भी लोकसभा चुनाव समरी बनाई जा रही है जिसमें अलग-अलग जिलों में वोट मिलने की जानकारी दी गई है। जांजगीर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पामगढ़, जैजैपुर तथा बिलाईगढ़ जैसे अनुसूचित क्षेत्र में कांग्रेस को विधानसभा में भले ही जीत मिली थी लेकिन लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को मतदाताओं ने वोट दिया। इसके पहले जैजैपुर एवं पामगढ़ विधानसभा चुनाव में भी बसपा प्रत्याशी की जीत होती थी लेकिन मतदाताओं ने बसपा के बदले कांग्रेस को वोट दिया है। अधिकारियों के अनुसार आयोग द्वारा लोकसभा में चुनाव खर्च की सीमा 80 लाख रखी गई थी। लोकसभा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को अपने सीए अथवा आर्थिक सलाहकार के माध्यम से सभी दस्तावेज माइक्रोआब्जर्वर के सामने प्रस्तुत करना होगा। इसके पहले व्यय प्रेक्षक भी इन सभी खर्चों का निरीक्षण करते हैं। लोकसभा चुनाव की खर्च सीमा से अधिक खर्च करने का यदि कोई प्रमाण मिलता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

# कैबिनेट में फेरबदल की चर्चा: हाई कमान जो भी लें निर्णय, हमें स्वीकार : टंकराम



**रायपुर 7 जून।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव खत्म होने के साथ ही साय कैबिनेट में फेरबदल की चर्चा तेज हो गई है. इस बीच मंत्री टंकराम वर्मा ने कैबिनेट में बदलाव को लेकर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि इसपर कुछ नहीं कह सकते. हाई कमान जो निर्णय लेते हैं, वह हमें स्वीकार होता है. हमें जो भी जिम्मेदारी मिल जाए उसे निभाते हैं, कार्य करते हैं. लगन और ईमानदारी के साथ काम करने की कोशिश करते हैं.दरअसल, आज भाजपा विधायक दल की बैठक बुलाई गई, जिसे लेकर खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि विधायकों की रूटीन बैठक रखी गई है, लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुकी है, इसे लेकर चर्चा की जाएगी. इसके साथ ही उन्होंने अन्य मुद्दों पर बयान दिया.

लोकसभा चुनाव के दौरान सामने आए कांग्रेस की अंतरकलह को लेकर उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है, बीजेपी की जीत का कारण प्रधानमंत्री की उपलब्धियां है. जनकल्याणकारी योजनाओं का यह परिणाम है. विधानसभा चुनाव में घोषणाएं की गई, उसे सत प्रतिशत लोगों तक पहुंचाने का काम मुख्यमंत्री ने किया. मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन से भाजपा को जीत मिली. इसका असर प्रदेश में अच्छा रहा.

केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेताओं के बयानबाजी को लेकर भी विपक्ष पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि राजनीति में सुचिता होनी चाहिए. पद का मान-सम्मान होना चाहिए. असंसदीय शब्दों के प्रयोग के कारण कांग्रेस डूब गई.

वहीं लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद केंद्रीय मंत्री बनने की संभावना पर कहा, कि हम भी चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ से ज्यादा से ज्यादा प्रतिनिधित्व मिले. छत्तीसगढ़ से केंद्र में ज्यादा मंत्री होंगे तो गर्व की बात है.

साय कैबिनेट में फेरबदल को लेकर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, कि समीक्षा सभी सीटों की होती है, हार हो या जीत हो।

### मुख्य न्यायाधीश ने की लंबित प्रकरणों की समीक्षा

**रायपुर, 7 जून।** मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के निर्देशानुसार रिट, क्रिमिनल अपील, क्रिमिनल रिवीजन, अवमानना प्रकरणों एवं अन्य प्रकरणों में औचित्यहीन लंबित प्रकरणों का चिन्हांकन कर सूचीबद्ध करने का कार्य किया जा रहा है। प्रकरणों का भौतिक सत्यापन जिला न्यायालय बिलासपुर, रायपुर एवं दुर्ग में, पदस्थ, 40 न्यायिक अधिकारियों एवं उच्च न्यायालय स्थापना में पदस्थ लगभग 36 अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। उक्त कार्य के 21 वें दिन आज गुरूवार को मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपरोक्त कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

### अवैध शराब बेचते युवक पकड़ाया

**रायपुर, 7 जून।** मौदहापारा पुलिस ने स्वीपर कालोनी में दबिश देकर एक घर से 40 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि स्वीपर कालोनी के एक घर में युवक अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी आशिष कुमार सारथी 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 40 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत 5800 रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# पर्यावरणीय जागरुकता बढ़ाने कई कार्यक्रम




**रायपुर 7 जून।**भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने भारत की अग्रणी पर्यावरण परामर्शक फर्म आईओआरए ईकोलॉजिकल सॉल्यूशंस के साथ एक करार (मैमोरैंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) पर दस्तखत किए हैं। इस भागीदारी के तहत वेदांता एल्यूमिनियम आईओआरए के सहयोग से अपने प्रचालनों के आसपास के इलाकों में प्रकृति आधारित समाधानों (एनबीएस) को अमल में लाते हुए जैवविविधता व प्राकृतिक स्त्रोतों को संरक्षित करेगी तथा लैंडस्केप स्तर पर जलवायु पलटाव हासिल करेगी। लैंडस्केप स्तर पर प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में शामिल होता है एक बड़े क्षेत्र में पानी, मिट्टी, वनस्पति और जीवों जैसे कुदरती संसाधनों का संरक्षण। 2009 में स्थापित आईओआरए प्राकृतिक संसाधन संरक्षण, कार्बन फॉरेस्ट्री, जलवायु परिवर्तन न्यूनीकरण एवं अनुकूलन में तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करती है। इस सहभागिता के अंतर्गत आईओआरए वेदांता एल्यूमिनियम को ऐसी परियोजनाओं के विकास एवं अमल में सहयोगी करेगी जो स्थानीय जैवविविधता एवं ईकोसिस्टम के लैंडस्केप स्तरीय प्रबंधन पर केन्द्रित होंगे।

# धर्ममय जीवन जीने की प्रेरणा देती है पूजा : विवेक सागर



**रायपुर 7 जून।** चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में अमावस्या के अवसर पर उपाध्याय महेन्द्र सागर के सुशिष्य विवेक सागर की पावन निश्रा में दादागुरुदेव कई बड़ी पूजा श्रद्धालुओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुई । इस अवसर पर मुनि विवेक सागर ने कहा कि दादागुरुदेव की पूजा जीवन में सुख समृद्धि शान्ति के साथ धर्ममय जीवन जीने की प्रेरणा देती है । मुनि विवेक सागर जी ने श्रद्धालुओं को भजन प्रकट प्रभावी है ओ गुरुवर परम् उपकारी हैं , ओ गुरुवर चरणों में हम चढ़ावें श्रद्धा सुमन के माध्यम से जिनकुशल सूरि जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इसी के साथ ही लाभार्थी परिवारों द्वारा अक्षत नारियल पान पत्ता के साथ पूर्ण विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ स्थापना का विधान पूर्ण किया व इसी के साथ संगीतमय चौपाइयों के द्वारा गुरु महिमा का बखान करते भजन गायक वर्द्धमान चोपड़ा आर्गन वादक अवधेश के द्वारा ईश्वर जग चिंतामणि कर परमेष्टि ध्यान गणधर पद गन वर्णना पूजन करो सुजान के बोलो के साथ नवहन पूजा का आगाज किया इसी के साथ द्वितीय विधान केशर चंदन पूजा का आगाज सुप्रसिद्ध भजन गायक विवेक बैद ने दिन के दयाल राज सार सार तू के साथ किया प्रत्येक विधान के पश्चात प्राकृत के श्लोकों के द्वारा समर्पण भक्तो द्वारा किया गया।

# नगरीय निकाय चुनाव के पश्चात बंटेगी रेवड़ी

■ मुख्यमंत्री एवं संगठन मंत्री नई दिल्ली से लौटकर करेंगे फैसला

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 7 जून।** भाजपा के संगठन पदाधिकारियों के अनुसार विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के पश्चात सक्रिय कार्यकर्ताओं को नगरीय निकाय चुनाव के मैदान में उतारा जाएगा। कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के हिसाब से निगम-मंडलों में पद दिया जाएगा। भाजपा कार्यालय के अनुसार लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को अवसर दिया गया। पार्टी का टिकिट देकर उन्हें उपकृत किया गया है। चुनावों में सक्रिय कार्यकर्ताओं को राजनीतिक रूप से उपकृत किया जाएगा। पदाधिकारियों के अनुसार अगले 6 महीने के बाद नगर निगम, पालिका एवं नगर पंचायत के चुनाव होने वाले हैं। जिसमें पार्षद, अध्यक्ष तथा महापौर बनाकर कार्यकर्ताओं को इनाम दिया जाएगा। सरकार की मंशा है कि इसके पश्चात पंचायत चुनावमें शेष कार्यकर्ताओं को एडजस्ट किया जाएगा। विधायकों को संसदीय सचिव बनाया जाएगा। विधायकों के अलावा जिला स्तर पर कार्य करने वाले संगठन के पदाधिकारियों को भी उपकृत करने की योजना है। संगठन मंत्री पवन साय नई दिल्ली गए हुए हैं। उनके तथा मुख्यमंत्री के दिल्ली से लौटने के पश्चात कोई महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री एवं नवनिर्वाचित सांसद आज एनडीए की बैठक में भाग लेने दिल्ली पहुंच चुके हैं। छत्तीसगढ़ के सभी नवनिर्वाचित सांसदों को लोकसभा सचिवालय द्वारा होटलों तथा अतिथि गृह में ठहराया गया है।

# मुख्य बाजारों को कब्जों से करवाया मुक्त




**रायपुर 7 जून।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता एवं जोनों की नगर निवेश विभाग की टीमों द्वारा जनहित में जनसुविधा हेतु यातायात सुगम बनाने निरन्तर अभियान पुलिस बल की उपस्थिति में चलाकर बाजार क्षेत्रों के मार्गो को अवैध कब्जो से मुक्त करवाकर एवं सड़क पर भवन निर्माण सामग्री रखकर बाधित यातायात को भवन निर्माण सामग्री जप्त करके नागरिकों को त्वरित राहत दिलवाई जा रही है. इस क्रम में आज रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम मुख्यालय उड़न दस्ता की टीम ने जोन नम्बर 2, 4, 9 नगर निवेश विभाग की टीमों के साथ मिलकर नगर निगम के प्रभारी नगर निवेशक श्री पद्माकर श्रीवास एवं जोन 4 जोन कमिश्नर श्री राकेश शर्मा के नेतृत्व में अभियान चलाया. जोन 4 के तहत मालवीय रोड में लगभग 25 से 30 दुकानदारों द्वारा दुकान के सामने सड़क को घेरकर किये गए अवैध कब्जो को हटाया गया, वहीं 5 -6 दुकानों के सामने सड़क पर कब्जा जमाकर लगाए गए अवैध विज्ञापन बोर्ड हटाकर जप्त किये गए. ब्राम्हणपारा वार्ड क्षेत्र में लाखेनगर चौक के पास सड़क पर रखी गयी भवन निर्माण सामग्री को जप्त कर सम्बंधित भवन स्वामी पर 3000 रूपये का जुर्माना किया गया. जोन 2 क्षेत्र में शारदा चौक से गुरुनानक चौक तक अभियान चलाकर दुकानों के सामने सड़क पर किये गए अवैध कब्जो को हटाकर मुख्य मार्ग को कब्जामुक्त करते हुए नागरिकों को सुगम यातायात कायम कर त्वरित राहत दिलवाई गयी. जोन 9 क्षेत्र में सड्डू बाजार क्षेत्र को अभियान चलाकर ठेले गुमटियों के सड़क पर किये गए अवैध कब्जे हटाकर यातायात जाम से नागरिकों को त्वरित राहत दिलवाई गयी. जोनों के बाजारों में अभियान जोन कमिश्नरों के नेतृत्व में नगर निवेश विभाग के अभियंताओं ने चलाया. अभियान आगे भी जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से मुख्य मार्गो को अवैध कब्जो से मुक्त करवाकर नागरिकों को सुगम यातायात देने जारी रहेगा।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26